शुक्रवार, 6 जून 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 32 |
| आर्द्रता | 79% |
| सूर्योदय: 4:51 | सूर्यास्त: 18:19 |



सिक्किम: भूस्खलन से फंसे 63 लोगों को हेलीकॉप्टर से निकाला गया पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : अज्ञानी को समझाया जाता सकता है पर अभिमानी को नहीं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# अयोध्या: गंगा दशहरा पर राम मंदिर में 'राजा राम' और अन्य देव विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा हुई



**अयोध्या :** अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर भगवान राजा राम, देवी सीता, भाई लक्ष्मण,भरत शत्रुघ्न और राम भक्त हनुमान से सजे राम दरबार का पूरे विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में बने आठ मंदिरों में भी देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस आयोजन के दौरान शहर में उत्सव का माहौल रहा मंदिर परिसर को और आसपास के इलाकों को रंगीन रोशनी और फूलों से सजाया गया था। पुजारी भजनों और विस्तृत अनुष्ठानों के बीच राजा राम की लगभग पांच फुट ऊंची सफेद संगमरमर से बने विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर की पहली मंजिल पर एकत्र हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ यह अनुष्ठान इस मंदिर में आयोजित दूसरा प्रमुख प्राण-प्रतिष्ठा समारोह था। इससे पहले, 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। बृहस्पतिवार का यह समारोह 'अभिजीत मुहूर्त' के दौरान हुआ। हिंदू पंचांग में इसे सबसे शुभ घड़ियों में से एक माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा हेलीपैड पर उतरने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हनुमानगढ़ी में पूजा के बाद वे राम जन्मभूमि मंदिर की ओर रवाना हुए। एक बयान के मुताबिक राम मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने भगवान राम की विधिवत पूजा की और उनकी आरती उतारी। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री ने भक्तों के साथ संवाद किया और उनका अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह में मां सीता के साथ सिंह-ासन पर विराजमान भगवान राम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के विग्रहों के साथ-साथ भगवान हनुमान के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई।

## राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा गौरवशाली और ऐतिहासिक अवसर : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अयोध्या ने 'राम दरबार' की प्राण प्रतिष्ठा और राम जन्मभूमि परिसर में आठ नवनिर्मित मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना के बाद एक और गौरवशाली और ऐतिहासिक क्षण देखा है। यह अनुष्ठान मंदिर में दूसरा बड़ा प्राण प्रतिष्ठा समारोह था, इससे पहले प्रधानमंत्री की उपस्थिति में 22 जनवरी 2024 को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, भव्य-दिव्य राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा का ये पावन अवसर समस्त रामभक्तों को श्रद्धा और आनंद से भावविभोर करने वाला है।

# प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण कश्मीर रेल परियोजना पूरी हुई: रेल मंत्री वैष्णव

**पीएम मोदी आज करेंगे दुनिया के सबसे ऊंचे चेनाब ब्रिज का उद्घाटन**



**कटरा :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से एक दशक से अधिक समय में दिखाई गई राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-बारामूला-श्रीनगर रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना पूरी हो सकी। प्रधानमंत्री आज चेनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल और देश के पहले 'केबल-स्टेड रेलवे पुल' अंजी ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह दो वंदे भारत ट्रेन (पहली कटरा से श्रीनगर और दूसरी कश्मीर से कटरा) को हरी झंडी दिखाएंगे। मोदी त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर में जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा, जब आपको यूएसबीआरएनएल जैसी परियोजना पूरी करनी होती है, तो इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। 2004 से 2014 तक इस परियोजना के तहत मैदानी क्षेत्रों में रेलवे ट्रैक का निर्माण पूरा किया गया, जबकि दुर्गम क्षेत्रों में कोई काम नहीं किया गया। उन्होंने कहा, मोदी ने राजनीतिक इच्छाशक्ति के प्रदर्शन के अलावा तकनीकी टीमों का मार्गदर्शन एवं समर्थन किया और यही कारण है कि यह बहुत पुराना सपना आज पूरा हो रहा है। कश्मीर को रेल मार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम 1997 में शुरू हुआ था। हालांकि, भूवैज्ञानिक, स्थलाकृतिक और मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण परियोजना को पूरा करने की समयसीमा कई बार बढ़ाई गई, जिससे इसकी लागत बढ़ गई और यह 41,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि में पूरी हो पाई। कुल 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीअ-ारएल परियोजना के 209 किलोमीटर हिस्से का काम विभिन्न चरणों में पूरा किया गया। 118 किलोमीटर लंबे काजीगुंड-बारामूला खंड का पहला चरण अक्टूबर 2009 में पूरा हुआ। इसके बाद 18 किलोमीटर लंबा बनिहाल-काजीगुंड खंड जून 2013 में, 25 किलोमीटर लंबा उधमपुर-कटरा खंड जुलाई 2014 में और 48.1 किलोमीटर लंबा बनिहाल-संगलदान खंड पिछले वर्ष फरवरी में पूरा हुआ। 46 किलोमीटर लंबे संगलदान-रियासी खंड का काम भी पिछले साल जून में पूरा हो गया था, जबकि रियासी और कटरा के बीच 17 किलोमीटर का हिस्सा बचा था, जो आखिरकार पिछले साल दिसंबर में पूरा हुआ। वैष्णव ने कहा कि नदी तल से 359 मीटर ऊपर स्थित 1.3 किलोमीटर लंबा चेनाब रेलवे पुल पेरिस के प्रतिष्ठित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर के मार्ग में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि यह कई चुनौतियों को पार करने के बाद पूरा किया गया एक बहुत बड़ा तकनीकी चमत्कार है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 12 देशों पर यात्रा प्रतिबंध की घोषणा की

**डाकार (सेनेगल)/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए बुधवार को 12 देशों, मुख्य रूप से अफ्रीका और पश्चिम एशिया के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया तथा सात अन्य देशों से आने वाले नागरिकों पर भी आंशिक पाबंदियां लगाई गई हैं। इन 12 देशों में अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। इसके अलावा बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के उन नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है जो अमेरिका से बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है।

## मुख्यमंत्री ममता ने लंबित केंद्रीय बकाया पर चर्चा के लिए पीएम मोदी से मिलने का मांगा समय

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विभिन्न केंद्र प्रायोजित परियोजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल सरकार को लंबित केंद्रीय बकाया पर चर्चा के लिए अगले सप्ताह नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा है। राज्य सचिवालय के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि इस संबंध में अगले सप्ताह मुलाकात का समय मांगने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को एक पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि सीएमओ से मिले पत्र में प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिए 10 जून की तारीख तय की गई है। अगर पीएमओ से मुलाकात का समय मिलता है तो मुख्यमंत्री ममता 9 जून की रात को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। नई दिल्ली में रहने के दौरान मुख्यमंत्री ममता संसद के दोनों सदनों में अपनी पार्टी के सांसदों से भी मुलाकात कर सकती हैं। हालांकि, राज्य सचिवालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि पूरी संभावना है कि मुख्यमंत्री ममता अगले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी की अपनी प्रस्तावित यात्रा के दौरान किसी भी भारतीय ब्लॉक के नेता से मुलाकात नहीं करेंगी। दावा किया है कि राज्य सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) जैसी विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत 1.75 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय बकाया अभी तक नहीं मिला है।

## जम्मू-कश्मीर : आतंकवादी साजिश की जांच के लिए एनआईए ने 32 ठिकानों पर छापे मारे

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की ओर से रची गई साजिश की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर में 32 ठिकानों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिन ठिकानों पर छापेमारी की गई, उनमें द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू-कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर्स, पीपुल्स एंटी-फासीस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) जैसे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोगों तथा उनके सहयोगियों के आवासीय परिसर शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ये सभी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े हुए हैं।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को दी अंतरिम जमानत

**'आपको शर्म आनी चाहिए, यह एक युवती की गरिमा का मामला है'... कलकत्ता हाईकोर्ट की बंगाल पुलिस को फटकार**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। बता दें कि कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की पीठ ने आदेश दिया कि उसे 10,000 रुपये की जमानत राशि और मुचलके पर रिहा किया जाए तथा मामले की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें बिना अनुमति के देश नहीं छोड़ने का भी निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिस को पनोली को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया, क्योंकि उसने शिकायत की थी कि उसके सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उसे धमकियां मिल रही हैं। इस दिन, सुनवाई के दौरान उनके वकील डी पी सिंह ने अदालत को बताया कि वह 15 मई से 19 मई के बीच कोलकाता के एक पुलिस थाने में उन्हें दी गई धमकियों और उनके आवास के सामने प्रदर्शन कर रही भीड़ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने गई थीं। सिंह ने बताया कि ऑनलाइन धमकियों के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए वह कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध अनुभाग में भी गयी थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पुलिस को शिकायत पर कार्रवाई न करने को लेकर कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति ने कहा कि यह मामला एक युवती की गरिमा से जुड़ा है और पुलिस की निष्क्रियता शर्मनाक है। न्यायाधीश ने राज्य सरकार से सवाल किया, उसकी शिकायत के आधार पर अब तक क्या गिरफ्तारी की गई है? यह एक युवती की मर्यादा का मामला है। आप ये सब देखकर शर्मिंदा होंगे। मैं यह सार्वजनिक रूप से कह रहा हूं। आखिर वह एक कानून की छात्रा है। अभियोजन पक्ष ने तीन जून के निर्देशानुसार मामले की जांच की 'केस डायरी' अदालत के समक्ष पेश की। 15 मई की प्राथमिकी के आधार पर 22 मई को मजिस्ट्रेट अदालत ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। राज्य की ओर से पेश महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने अदालत के समक्ष बताया कि आरोपी फरार थी और उसे पश्चिम बंगाल के बाहर से पकड़ा गया था। पनोली के वकील ने कहा कि वह कोलकाता से भागी नहीं थीं, बल्कि सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्हें दी जा रही कथित धमकियों के कारण गंभीर आशंकाओं के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। सिंह ने कहा कि प्राथमिकी में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं किया गया है, तथा पनोली को उनकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में जानकारी नहीं दी गई, जो कि कानून के तहत अनिवार्य है। अदालत ने कहा कि शिकायत में इस बारे में कुछ नहीं कहा गया कि कथित सोशल मीडिया पोस्ट में क्या लिखा या दिखाया गया था। सिंह ने बताया कि पनोली ने सात मई को पोस्ट अपलोड करने के बाद आठ मई को उसे हटा दिया था।

# अब भारत में ही बनेगी राफेल की बॉडी, टाटा ग्रुप के साथ दसॉल्ट की डील फाइनल

**2028 तक बनने लगेगी बॉडी**



**नयी दिल्ली :** फ्रांस की प्रमुख लड़ाकू विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) भारत में 2028 से संयुक्त रूप से राफेल विमान के ढांचे का निर्माण करेंगे। इस प्रकार यह पहली बार होगा जब राफेल के अहम हिस्से का फ्रांस के बाहर निर्माण होगा। दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के तहत तहत, टीएएसएल हैदराबाद में राफेल विमान के मुख्य ढांचे का निर्माण करने के लिए एक अत्याधुनिक फैक्टरी स्थापित करेगी। इस समझौते को भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है।

**राफेल के साथ भारत का करार**

टीएएसएल और दसॉ एविएशन के बीच यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब फ्रांसीसी कंपनी भारत के विशाल लड़ाकू विमान कार्यक्रम के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में उभरी है। भारतीय वायुसेना की योजना 114 नए लड़ाकू विमान खरीदने की है। करीब एक महीने पहले भारत और फ्रांस ने 64,000 करोड़ रुपये की लागत से 26 राफेल नौसैनिक जेट विमान खरीदने के लिए एक बड़े सौदे को अंतिम रूप देने के लिए अंतर-सरकारी समझौता किया था।

**हैदराबाद में लगेगा कारखाना**

टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं। टीएएसएल ने एक बयान में कहा, ''दसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है।''

# भगदड़: बंगलूरू पुलिस कमिश्नर समेत अधिकारियों पर गिरी गाज



**सिद्धारमैया ने लापरवाही पर की कार्रवाई**

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम के सामने हुई भगदड़ के मामले में बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त और कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच कर्नाटक उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश माइकल कुन्हा की अध्यक्षता वाले एक सदस्यीय न्यायिक आयोग को सौंपते हुए, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजर्स और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी का भी आदेश दिया है। यह भगदड़ बुधवार शाम को स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत का जश्न मनाने के लिए उमड़े थे। सिद्धरमैया ने कहा, मंत्रिमंडल की बैठक हुई और त्रासदी पर विस्तार से चर्चा की गई।

### सीआईडी करेगी बेंगलुरु स्टेडियम भगदड़ की जांच: सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को बताया

गहन और स्वतंत्र जांच सुनिश्चित करने के लिए सीआईडी के अंतर्गत एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। सरकार ने अदालत को एक स्थिति रिपोर्ट सौंपी, जिसमें पुष्टि की गई कि भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत कब्बन पार्क पुलिस थाने में एक प्राथमिकी (अपराध संख्या 123/2025) दर्ज की गई है, जिसमें धारा 105, 125 (1) (2), 132, 121/1 और 3 (5) के साथ पठित धारा 190 शामिल है। इसमें कहा गया है कि मामला अब औपचारिक रूप से सीआईडी को सौंप दिया गया है और आगे की कार्रवाई के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आरसीबी, कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी, केएससीए के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य के खिलाफ बृहस्पतिवार को गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी में आरसीबी फ्रेंचाइजी को आरोपी नंबर एक, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी नंबर दो और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ प्रशासनिक समिति को आरोपी नंबर तीन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: थरूर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कहा

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम में अपनी भूमिका को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति पद का सम्मान करता है लेकिन नयी दिल्ली ने ''कभी नहीं चाहा कि वह किसी से मध्यस्थता करने के लिए कहे'' और किसी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें ''रुकना'' है। सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थरूर मंगलवार दोपहर यहां पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। थरूर ने कहा, ''मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति के पद और अमेरिकी राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करते हैं। हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहना चाहा।'' थरूर ने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को खत्म कर दे तो ''हम उनसे बात कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर वे यह दिखाने के लिए गंभीर कदम उठाते हैं कि वे हमारे साथ सामान्य संबंध बहाल करना चाहते हैं तो हम किसी मध्यस्थ की आवश्यकता के बिना उनसे निश्चित रूप से फिर से बात कर सकते हैं।''

## राजनीतिक वर्ग के बीच आपसी समझ बनी रहनी चाहिए : आरएसएस प्रमुख



**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा की गई कार्रवाई के पश्चात राजनीतिक वर्ग में दिखी आपसी समझ जारी रहनी चाहिए और एक स्थायी विशेषता बननी चाहिए। भागवत ने आरएसएस स्वयंसेवकों के लिए आयोजित 'कार्यकर्ता विकास वर्ग' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''समाज ने एकता का संदेश भी दिया।'' उन्होंने कहा, ''इस जघन्य आतंकी हमले के बाद लोग दुखी और आक्रोशित थे और चाहते थे कि दोषियों को सजा मिले। कार्रवाई की गई और सजा दी गई।'' भागवत ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की गई कार्रवाई में सभी ने देश के निर्णय करने वालों का साहस देखा। उन्होंने कहा, ''पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के बाद कार्रवाई की गई। इसमें एक बार फिर हमारी सेना का पराक्रम दिखा। प्रशासन की दृढ़ता भी देखने को मिली।''



## सफल आईपीएल की चमक दुखांत से फीकी

तुरत-फुरत क्रिकेट वाले दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली को टीम ने खास तोहफा ही दिया। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक तब फीकी पड़ गई जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में ग्यारह लोगों की दुखद मुत्यु हो गई। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास दो लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मीडिया को जानकारी दी कि घटना में ग्यारह लोगों की मौत हुई है और 33 लोग घायल हो गए हैं। बहरहाल, आईपीएल का आयोजन व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंतत: विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। कोहली, पिछले टी-20 विश्व कप और कुछ महीने पहले वनडे चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। वे प्रारंभ से ही आईपीएल का खिताब जीतने के लिये दृढ़ संकल्पित दिखे। इसका समापन भी उन्होंने खास अंदाज में किया। क्रिकेट प्रेमियों ने बखूबी देखा कि उनके खेल में वह चमक बरकरार है जो डेढ़ दशक पहले क्रिकेट मैदान में उतरने पर खेल प्रेमियों को चकित किया करती थी।

एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। हालांकि, वे क्रिकेट के टेस्ट क्रिकेट छोड़कर अन्य प्रारूपों में अपना शानदार खेल दिखाते रहेंगे। वहीं दूसरी ओर एमएस धोनी को आईपीएल में पांच बार की कामयाबी के बावजूद इस बार खिताबी जीत न दिला पाने का मलाल जरूर रहेगा। यह हकीकत है कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम धोनी के अनुभव का लाभ उठाने से चूक गई। वैसे इस बार के आईपीएल टूर्नामेंट में श्रेयस अय्यर ने शानदार प्रदर्शन के जरिये किसी भी फ्रेंचाइजी के लिये जाने-माने कप्तान के रूप में अपनी स्थिति मजबूत ही की है। बीते साल कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत दिलाने के बाद उन्होंने पंजाब किंग्स का नेतृत्व संभाला। उनके नेतृत्व में पंजाब किंग्स ने पिछले एक दशक के बाद प्रभावशाली प्रदर्शन के जरिये फाइनल में जगह मजबूत की। वह बात अलग है कि फाइनल में श्रेयस की प्रतिभा को श्रेय न मिल सका। हालांकि, बाकी मैचों में उन्होंने टीम को प्रभावशाली नेतृत्व जरूर दिया। भारत के नये टेस्ट क्रिकेट कप्तान शुभमन गिल ने टूर्नामेंट के अंत में लड़खड़ाने से पहले गुजरात टाइटन्स का अच्छा नेतृत्व दिया। हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस को तब तक मुकाबले में बनाए रखा जब तक कि वह साहसी पंजाब की टीम द्वारा बाहर नहीं हो गई। निस्संदेह, इस आईपीएल टूर्नामेंट में युवा ब्रिगेड ने पूरी ताकत झोंककर उम्मीदों को नया मुकाम दिलाया। अब चाहे वह अभिषेक शर्मा हों, प्रियांश आर्य, आयुष म्हात्रे, साई सुदर्शन, शशांक सिंह या ऑल-ऑफ-14 वैभव सूर्यवंशी हों। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन पर भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष की छाया भी पड़ी। लेकिन थोड़े व्यवधान के बावजूद खेल जारी रहा। सीमा पर तनाव के बीच भारत व पाकिस्तान की क्रिकेट लीग चलती रही है, लेकिन लोकप्रियता की बाजी भारत ने मारी। बंगलुरु हादसे की दुखद घटना के बावजूद आईपीएल अपने मुकाम तक पहुंचने में किसी हद तक कामयाब रहा है। निश्चय ही आईपीएल एक ऐसा मंच बन गया है कि जिसमें आम घरों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी तथा परिवार की आर्थिकी सुधारने का मौका मिलता है, वहीं चयनकर्ताओं को राष्ट्रीय टीम हेतु प्रतिभाएं तलाशने का एक उम्दा अवसर भी मिल जाता है।

# विकास और हरित भविष्य की ओर अग्रसर भारतीय रेल



अश्विनी वैष्णव

जब भी आप सड़क या अन्य साधनों की जगह ट्रेन से यात्रा करते हैं, तो आप सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि एक स्वच्छ और हरित भारत को चुनते हैं। पिछले साल 700 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने भारतीय रेल से सफर किया। यह हमारी जीवनरेखा है और आने वाले कल के लिए एक हरित संकल्प भी।

भारतीय रेल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पंचामृत लक्ष्य – 2070 तक शून्य उत्सर्जन (नेट ज़ीरो) – में अहम भूमिका निभा रही है। हम माल और यात्री परिवहन को सड़क से रेल की पर ले जा रहे हैं। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने में मदद मिल रही है।

**सड़क से रेल की ओर**

2013-14 में भारतीय रेल ने लगभग 1,055 मिलियन टन माल की ढुलाई की। 2024-25 में यह बढ़कर 1,617 मिलियन टन हो गया है। इससे हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मालवाहक रेलवे बन गए हैं। सड़क की जगह रेल से माल ढुलाई करने से अब तक 143 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोका गया है। यह 121 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

रेल से माल ढुलाई, सड़क से सस्ती है। इससे पिछले 10 सालों में देश को 3.2 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। रेल, ट्रकों के मुकाबले 90% कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करती है। इससे हवा साफ रहती है। 2,857 करोड़ लीटर डीज़ल की भी बचत हुई है, जो कि लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की बचत के बराबर है।

**विद्युतीकरण से आत्मनिर्भरता**

भारत बहुत मात्रा में तेल आयात करता है। ऐसे में रेलवे का विद्युतीकरण सामरिक रूप से जरूरी है। 2014 से पहले 60 वर्षों में 21,000 किलोमीटर रेलवे लाइन ही विद्युतीकृत हुई थी। लेकिन पिछले 11 सालों में हमने 47,000 किलोमीटर रेल लाइन को विद्युतीकृत किया है। अब तक 99% ब्रॉड गेज नेटवर्क विद्युतीकृत हो चुका है।

रेलवे अब स्टेशनों, वर्कशॉप और ट्रेनों के लिए भी हरित ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहा है। हम राज्यों के साथ मिलकर ट्रेनों को हरित ऊर्जा से चलाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**माल ढुलाई का नया मॉडल**

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (उफ्रउ) भी पूरी तरह से विद्युतीकृत होते हैं। ये कॉरिडोर सिर्फ माल ढुलाई के लिए बनाए गए हैं। वर्तमान में 2,741 किलोमीटर के फ्रेट कॉरिडोर संचालित हैं। इससे सड़कों पर भीड़ घटी है, डीजल की खपत कम हुई है और कार्बन उत्सर्जन भी घटा है।

भारत अब हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनों को भी अपनाने जा रहा है। पहली ट्रेन हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलेगी। यह दुनिया की सबसे लंबी और ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन होगी।

**अर्थव्यवस्था और पर्यावरण**

भारत ने दिखाया है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ संभव हैं। 2023 के वर्ल्ड बैंक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत का स्थान 139 देशों में 38वें पर रहा। 2014 की तुलना में यह 16 स्थान ऊपर है। रेलवे के विद्युतीकरण से प्रदूषण और लागत दोनों में कमी आयी है। साथ ही लोजिस्टिक्स की क्षमता और गति दोनों बढ़ी हैं।

**2030 तक नेट-शून्य उत्सर्जन**

प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे के लिए 2030 तक नेट ज़ीरो का लक्ष्य रखा है। तेज़ी से हो रहे विद्युतीकरण और सड़क से रेल की ओर शिफ्ट हो रहे यातायात से भारतीय रेल 2025 तक ही स्कोप 1 नेट ज़ीरो का लक्ष्य हासिल कर लेगी।

इस विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय रेल सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। हर ट्रैक का विद्युतीकरण, हर सोलर पैनल और सड़क से हटाया गया हर कंटेनर, हमारे देश और पर्यावरण के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक कदम है।

**– लेखक भारत सरकार में केन्द्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।**

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना



ललित गर्ग

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।



बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है।

रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। कई बार आयोजनकर्ताओं और पुलिस के बीच समन्वय की कमी होती है, जिससे सुरक्षा चूक हो सकती है। भीड़ प्रबंधन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों की संरचना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों से गहनता से संबद्ध है। दुर्भाग्यवश, कई बार आयोजकों और प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते, जिससे जानमाल की हानि होती है। इस परिदृश्य में, बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, उससे जुड़ी प्रमुख चुनौतियाँ, हालिया घटनाओं से मिले सबक और प्रभावी समाधानों की चर्चा करना बेहद प्रासंगिक होगा, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके।

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक उत्सव, खेल आयोजनों और राजनीतिक रैलियों में लाखों लोग जुटते हैं। ऐसे आयोजनों के लिये पुलिस, होम गार्ड, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जाता है। विश्व के विभिन्न विकसित देशों में भीड़ प्रबंधन के लिये अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। जापान जैसे देशों में रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर अत्यधिक भीड़ के प्रबंधन के लिये ऑटोमेटेड एंट्री और एग्जिट सिस्टम स्थापित किये गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों में स्टेडियमों, एयरपोर्ट्स एवं धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के लिये एआई आधारित कैमरे, आपातकालीन अलर्ट सिस्टम और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहते हैं। हालाँकि भारत में बड़े आयोजनों के लिये प्रशासनिक तैयारियाँ की जाती हैं, फिर भी समय-समय पर कई कमियाँ उजागर होती रही हैं। लेकिन आरसीबी के चिन्नास्वामी स्टेडियम के जश्न के दौरान खामियां ही खामियां देखने को मिली। ऐसे बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन कोई आसान कार्य नहीं है। लाखों लोगों को नियंत्रित करने के लिये ठोस रणनीति, प्रशासनिक कौशल और अत्याधुनिक तकनीक की आवश्यकता होती है, जिसका इस आयोजन में सर्वथा अभाव रहा। आखिर इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषी लोगों को कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिए। –लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 जून, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष एकादशी, 28:48 तक, नक्षत्र : हस्त, 06:28 तक, योग : व्यतिपाता, 10:06 तक, सूर्योदय: 4:51, सूर्यास्त: 18:19, चन्द्रोदय : 14:09, चन्द्रास्त: 01:17, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 09:55 से 11:35

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए करियर में उन्नति के संकेत हैं। किसी बड़े क्लाइंट या सरकारी विभाग से डील फाइनल हो सकती है, जो भविष्य में बड़ा लाभ दिलाएगी।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए संपत्ति और रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण दिन है। जमीन, मकान या कंस्ट्रक्शन से जुड़ी फर्मों को अच्छा मुनाफा मिल सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के के लिए दिन तेजी और व्यस्तता से भरा रहेगा। जो लोग ट्रांसफर या नई नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें अनुकूल समाचार मिल सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन सकारात्मक परिणामों से भरा होगा। अधूरे काम पूरे होंगे और किसी महत्वपूर्ण क्लाइंट से बातचीत तय हो सकती है। हर कार्य में सफलता मिलने के योग हैं।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन कई उतार-चढ़ावों से भरा हो सकता है। हालांकि आपकी कार्यकुशलता के कारण कोई बड़ी समस्या नहीं होगी। धार्मिक या आध्यात्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लिए दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण हो सकता है। कार्यस्थल पर अनावश्यक बहस से बचें। आपके आस-पास का वातावरण थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है।

**तुला :** तुला राशि के लिए दिन सौभाग्यशाली है। लंबे समय से रुके प्रॉजेक्ट्स में गति आएगी। कॉर्पोरेट, लीगल, आर्ट्स या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अच्छी डील मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को लाभ होगा और आर्थिक दृष्टिकोण से बड़ा फायदा हो सकता है। इंश्योरेंस, बैंकिंग, रिस्क मैनेजमेंट या इन्वेस्टमेंट क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए दिन बेहतरीन है।

**धनु :** धनु राशि के लिए दिन अनुकूल है, लेकिन किसी निर्णय से पहले सोच-समझकर कदम उठाएं। व्यापार में बड़ा मुनाफा संभव है, ट्रैवल, टूरिज्म, एजुकेशन या कंसल्टेंसी से जुड़े व्यवसायों में।

**मकर :** मकर राशि वालों को अपने कार्य में स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता है। साझेदारी में चल रहा व्यापार थोड़ा अस्थिर हो सकता है। किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेना बुद्धिमानी होगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को नए व्यावसायिक प्रस्ताव मिल सकते हैं। क्रिएटिव इंडस्ट्री, डिजिटल मार्केटिंग, टेक्नॉलजी या स्टार्टअप्स से जुड़े लोग अपने विचारों से दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं।

**मीन :** मीन राशि के लिए दिन उन्नति और लाभ से भरा रहेगा। जोखिम लेकर किए गए व्यापारिक फैसले फायदेमंद साबित होंगे। परिवार में कहीं से कोई खुशखबरी मिल सकती है।

## विदेश की खबरें

### भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति वांस के साथ 'व्यापक' चर्चा की

**वाशिंगटन :** शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वांस से मुलाकात की और आतंकवाद विरोधी प्रयासों से लेकर तकनीकी सहयोग बढ़ाने तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। थरूर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज वाशिंगटन डी.सी. में हमारे प्रतिनिधिमंडल के साथ उपराष्ट्रपति जे डी वांस की उत्कृष्ट बैठक हुई। थरूर ने कहा, हमने आतंकवाद-रोधी प्रयासों से लेकर तकनीकी सहयोग बढ़ाने तक कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वास्तव में रचनात्मक और परिणामदायी संवाद, जिसमें विचारों का शानदार मेल देखने को मिला। अप्रैल में जब पहलगाम हमला हुआ तो वांस और उनका परिवार भारत में थे। पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से अवगत कराने के लिए दौरे के अंतिम चरण में वाशिंगटन पहुंचने से पहले प्रतिनिधिमंडल गुयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील की यात्रा कर चुका है। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य सांसद सरफराज अहमद, गंती हरीश मधुर बालयोगी, शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता, मिलिंद देवड़ा, तेजस्वी सूर्या और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत संधू हैं।

### ट्रंप-पुतिन वार्ता के कुछ घंटे बाद रूस ने यूक्रेन पर किया हमला, पांच लोगों की मौत

**कीव :** उत्तरी यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर बृहस्पतिवार को हुए ड्रोन हमले में एक शिशु, उसकी मां और दादी समेत कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सुबह होने से कुछ समय पहले शहर के रिहाइशी इलाके में छह ड्रोन ने हमला किया। यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाला बच्चा स्थानीय दमकल सेवा प्रमुख का पौत्र था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने दमकल प्रमुख की पहचान 50 वर्षीय ओलेक्जेंडर लेबिड के रूप में की है। जेलेंस्की ने कहा, वह अपने ही घर पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया देने पहुंचे थे। पता चला है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया।

हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी। ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि रूस रविवार को रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक ड्रोन हमलों का जवाब देगा। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में किए गए कूटनीतिक प्रयासों से कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है, तथा यह भीषण युद्ध बेरोकटोक जारी है। यूक्रेन राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले एक वर्ष के बच्चे की मां दरीना शिहिदा एक पुलिस अधिकारी थी। पुलिस बल ने 'टेलीग्राम' पर लिखा, आज हमारे दिल दर्द से जल रहे हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3114



*बायें से दायें:-* 1) अपराध, 3) हैसियत, 5) मित्रताभंग, 6) दुश्मनी, 7) मेघ, 8) इस समय, 10) स्थान, 11) कटौती, 13) साक्षर, 14) भेट, 15) सिपाही, 18) नाराज़, 19) हक़, 20) डैना, 21) गद्देदार, 23) विनम्र; नतशीश, 26) तरबतर, 28) रूपांतरण, 29) झगड़ालू.

*ऊपर से नीचे:-* 2) सूर्य, 3) ऊपर से, 4) नष्ट, 5) बहते पानी का मंदध्वनि, 6) एक पशु, 8) हठ, 9) खोपड़ी, 10) घना, 12) त्रुटि; किंतु परंतु, 13) अनुमति, 14) मिठासयुक्त, 16) गणवेश, 17) पितामह, 18) शूरवीर, 20) कीचड़, 21) नौजवान, 22) धिक्कार, 24) टटोल; सर्च, 25) गुच्छा, 27) ठीक; सत्य.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | त | ति | | छु | ट | का | | ज़ा | ती |
| | | त | स्क | री | | रा | ष्ट्री | य | |
| बे | का | र | | | ठें | गा | | क़ा | बू |
| चा | | बि | स्त | र | | र | टा | | च |
| रा | ह | त | | ख | ल | | प | क | ड़ |
| | स्त | र | | वा | य | स | | | ख़ा |
| | क्षे | | ब | ला | | प | ट | क | ना |
| अ | प | वा | द | | भू | ना | | न्है | |
| ज़ीं | | चा | ल | ढा | ल | | क़ | या | स |

## सुडोकू-पहेली-3071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | | 3 | | |
| | | 3 | 4 | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | | | | 4 | |
| | | | | | 3 | 7 | | 8 |
| | | | 9 | | 2 | | 6 | |
| | | | | 5 | | | | |
| | 2 | | 8 | | | | 3 | |
| 3 | | | | | 1 | | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | 5 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3070 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 4 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 5 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 |

# बर्दवान विश्वविद्यालय में हुए दो करोड़ के गबन की जांच में जुटी ईडी



**बर्दवान/कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बर्दवान विश्वविद्यालय से करीब 1.94 करोड़ रुपये के गबन के मामले की जांच शुरू कर दी है। ईडी ने उस सरकारी बैंक के जोनल मैनेजर को पत्र लिखा है जिसमें विश्वविद्यालय का पैसा जमा था। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की गई है। कुछ दिन पहले ईडी के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने पत्र लिखकर बैंक से जानकारी मांगी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंक अधिकारियों को ईडी कार्यालय में तलब किया गया था। ईडी सूत्रों के मुताबिक, तीन बैंक अधिकारियों से उनके खातों की जानकारी मांगी गई है। अधिकारियों की 2021 से 2024 तक की चल-अचल संपत्ति की जानकारी मांगी गई है। ईडी ने फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम के तहत बैंक में जमा तीन खातों के बारे में भी पूछा है। ईडी ने बर्दवान शहर में सरकारी बैंक की स्टेशन बाजार शाखा के सर्कल हेड और डिप्टी सर्कल हेड के बारे में और विश्वविद्यालय के पैसे की समय सीमा समाप्त होने से पहले निकासी के लिए वरिष्ठों से ली गई मंजूरी के बारे में भी जानकारी मांगी है। ईडी द्वारा विश्वविद्यालय के पैसे गबन मामले की जांच शुरू होने से कर्मचारियों के एक वर्ग को उम्मीद की किरण नजर आ रही है। उनका मानना है कि ईडी की जांच में भ्रष्टाचार की असली जानकारी सामने आएगी। सूत्रों के अनुसार, 6 फरवरी 2024 को बर्दवान शहर के बड़ाबाजार इलाके में एक सरकारी बैंक की शाखा में एक सावधि जमा योजना में जमा धन को अवधि समाप्त होने से पहले निकालने के लिए एक आवेदन दिया गया था। पत्र में, विश्वविद्यालय के बचत खाते के बजाय एक ठेकेदार कंपनी के खाते में पैसा जमा करने को कहा गया था। पत्र को देखने के बाद बैंक अधिकारियों को शक हुआ। बैंक ने विश्वविद्यालय से पत्र के बारे में पूछा। विश्वविद्यालय ने बैंक को बताया कि ऐसा कोई पत्र नहीं दिया गया है। उसके बाद बैंक की ओर से बर्दवान थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। मामला प्रकाश में आने के बाद विश्वविद्यालय अधिकारियों ने विभिन्न बैंकों को पत्र लिखकर जमा की स्थिति के बारे में पूछा। उस समय पता चला कि राज्य के स्वामित्व वाले बैंक की स्टेशन बाजार शाखा से अवधि समाप्त होने से पहले 1 करोड़ 93 लाख 89 हजार 876 रुपये निकाले गए थे। वह पैसा विश्वविद्यालय के खाते में जमा नहीं किया गया था। उसके बाद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने बर्दवान थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच करते हुए विश्वविद्यालय के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया। सीआईडी ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें यूनिवर्सिटी के वित्त विभाग के वरिष्ठ सहायक भक्त मंडल समेत 10 लोगों के नाम हैं। अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है। चार्जशीट में एक सरकारी बैंक के तीन अधिकारियों के भी नाम हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल पुलिस के सामने हुए पेश, दो घंटे तक चली पूछताछ

### पूछताछ के बाद मुस्कुराते हुए बाहर निकले तृणमूल नेता



**बीरभूम :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुब्रत मंडल एक पुलिस अधिकारी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान कथित तौर पर अपमानजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से जुड़े मामले में गुरुवार को राज्य पुलिस के सामने पेश हुए। बता दें कि अनुब्रत मंडल स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पिछले एक हफ्ते से पुलिस के सामने पेशी से बच रहे थे। इस दिन, दोपहर करीब 3.30 बजे वह बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के कार्यालय पहुंचे। करीब दो घंटे की मैराथन पूछताछ के बाद तृणमूल नेता वहां से निकल गए और सीधे पार्टी ऑफिस गए। उल्लेखनीय है कि तृणमूल की बीरभूम जिला इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनुब्रत मंडल पूछताछ के लिए दो बार पुलिस के सामने पेश होने में विफल रहे थे। पुलिस ने इससे पहले उन्हें समन जारी कर रविवार को सुबह 11 बजे उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। अनुब्रत मंडल ने दावा किया था कि वह अस्वस्थ हैं। तृणमूल नेता के चार वकील एसडीपीओ कार्यालय में उनकी तरफ से शनिवार को पेश हुए थे।

### बंगाल में कोविड के 100 से अधिक नए मामले, उपचाराधीन मरीजों की संख्या 538



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटे में कोविड के 106 नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के मुताबिक, इस समय राज्य में कोविड के 538 मरीज हैं। इस दौरान 61 संक्रमित लोग स्वस्थ हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल में कोविड से एक रोगी की मौत हो चुकी है।

**Tender Notice**
Memo No- 37/MGP/2025
Date- 05/06/2025
Prodhan Masjidbati Gram Panchayat has invited Tender for (NIT- 03, 04, 05) 3 (three) different works through e-Tender. The detailed information will be available at said Gram Panchayat Office, www.wbtenders.gov.in website till 19.06.2025.
Sd/-
Prodhan
Masjidbati Gram Panchayat

## मोदी सरकार के 11 साल : बंगाल भाजपा ने 'गरीब कल्याण' योजनाओं के प्रचार की बनाई योजना



**कोलकाता, समाज्ञा :** मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को लेकर जहां देशभर में भाजपा जश्न के मूड में है, वहीं पश्चिम बंगाल भाजपा ने इन वर्षों को गरीबों के सशक्तिकरण और समावेशी विकास के प्रचार की योजना बनाई है। बंगाल भाजपा के नेताओं ने विशेष रूप से केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभाव को राज्य के गरीबों और पिछड़े वर्गों तक पहुंचाने के लिए जोर दिया। भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि राज्य के करोड़ों लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। जिनके पास कभी बैंक खाता नहीं था, आज वे डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहे हैं,; जिनके घर में चूल्हा था, आज वहां एलपीजी है। राज्य भाजपा ने दावा किया है कि बंगाल में जन-धन योजना के तहत करोड़ों लोगों ने बैंकिंग की मुख्यधारा में प्रवेश किया। वहीं, आयुष्मान भारत योजना के तहत जिन लाखों परिवारों को इलाज मिलना था, उन्हें राज्य सरकार की राजनीति के कारण पूरी सुविधा नहीं मिल पाई। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बंगाल में लाखों जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर मिला है। इसी तरह उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन दिए जाने से स्वास्थ्य और स्वच्छता दोनों में सुधार आया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि जल जीवन मिशन के जरिए राज्य के ग्रामीण इलाकों में लाखों घरों तक नल से जल पहुंचा है। वहीं, डीबीटी सिस्टम से भ्रष्टाचार में कमी आई है और लाभ सीधे लाभार्थियों को मिला है। उन्होंने बताया कि इन तमाम योजनाओं का प्रचार प्रसार जमकर किया जाएगा।

## विधानसभा में सशस्त्र बलों के शौर्य के सम्मान में पेश होगा प्रस्ताव



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के आगामी सत्र में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा, जिसमें पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे पर सटीक हवाई हमलों के लिए सशस्त्र बलों की तारीफ की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी की ओर से 10 जून को पेश किए जाने वाले प्रस्ताव में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा भी की जाएगी। गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ विधायक ने कार्य मंत्रणा समिति की सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी पिछले महीने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ सशस्त्र बलों के सटीक हमलों की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पेश करेंगे। प्रस्ताव में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा भी की जाएगी। हालांकि, प्रस्ताव के पाठ में 'ऑपरेशन सिंदूर' शब्द का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। बता दें कि विधानसभा का मानसून सत्र नौ जून से शुरू होने वाला है और दो सप्ताह तक चलेगा। 10 जून को सशस्त्र बलों की तारीफ वाले प्रस्ताव पर दो घंटे चर्चा होगी।

## 'डिजिटल अरेस्ट' के जाल में फंसे कोलकाता के डॉक्टर, एक करोड़ रुपये की ठगी का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेडिकल कॉलेज के सेवानिवृत्त चिकित्सक के साथ 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित सेवानिवृत्त चिकित्सक का नाम उत्पल कुमार बिठ है। इस मामले में कोलकाता पुलिस की डिटेक्टिव शाखा ने अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोप है कि अपराधियों ने मुंबई पुलिस का डर दिखाकर सेवानिवृत्त डॉक्टर से लगभग 1 करोड़ रुपये ठग लिए। ठगों ने डॉक्टर को फोन कर कहा कि मुंबई पुलिस में आपके खिलाफ मामला दर्ज है। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई के बाद अब तक डॉक्टर को 30 लाख रुपये लौटाए जा चुके हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' के इस मामले में पहले तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। गुरुवार को लेक टाउन इलाके से और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने लेक टाउन से लगभग 28 लाख 37 हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं।

## मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए टास्क फोर्स ने साल्टलेक बाजार का किया निरीक्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बेलगाम वृद्धि से लोग बेचैन हैं। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मूल्य वृद्धि पर चिंता व्यक्त की थी। वस्तुओं की कीमतें उनकी पहुंच से बाहर न हो जाएं, इसके लिए टास्क फोर्स को सतर्क नजर रखने को कहा गया था। गुरुवार को टास्क फोर्स के अधिकारियों ने साल्टलेक के विभिन्न बाजारों में छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, टास्क फोर्स के अधिकारियों ने साल्टलेक के बीडी मार्केट, एबी एसी मार्केट समेत विभिन्न बाजारों में छापेमारी की। इस दिन, प्रत्येक व्यापारी से सब्जियों की कीमत के बारे में अलग-अलग पूछा गया। सब्जियों की बेलगाम कीमत को लेकर खरीदारों ने टास्क फोर्स के अधिकारियों से शिकायत की। बाजार में वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को लेकर आम जनता और प्रशासन काफी चिंतित है। चावल, दाल, तेल से लेकर सब्जियों तक हर चीज की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस मूल्य वृद्धि से आम आदमी की सांस फूल रही है। टास्क फोर्स शहर के सभी बाजारों में आवश्यक सब्जियों और आलू की कीमतों पर भी नजर रखेगी टास्क फोर्स ने यह भी कहा है कि वह बाजारों में वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अपना अभियान जारी रखेगी। टास्क फोर्स के अधिकारी रवींद्रनाथ कोले ने कहा कि हमने बीडी बाजार का दौरा किया। यहां बैगन और उड़द दाल की कीमतें अधिक हैं। हालांकि, अन्य सब्जियों की कीमतें उचित हैं। मछली, मांस और अंडे की कीमतों को लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। शहर के अन्य बाजारों की तुलना में इस बाजार की कीमतों में कोई खास अंतर नहीं है।

### कालिगंज उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने पहुँची केंद्रीय बल की टुकड़ियाँ



**कोलकाता :** आगामी 19 जून को होने वाले कालिगंज विधानसभा उपचुनाव को निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल की टुकड़ियाँ पहले ही पहुँच गई हैं। चुनाव आयोग ने पहले ही घोषणा की थी कि चुनाव के दौरान 14 कंपनियाँ केंद्रीय बल तैनात की जाएँगी ताकि क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और मतदाता भयमुक्त होकर मतदान कर सकें। इस क्रम में बुधवार की शाम तीन कंपनियाँ केंद्रीय बल की कालिगंज विधानसभा क्षेत्र में पहुँचीं। ये बल पागलाचंडी हाई स्कूल, देवग्राम आईआईटी कॉलेज, और कालिगंज गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज में अस्थायी रूप से तैनात की गई हैं। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार से ही ये बल संबंधित क्षेत्रों में फ्लैग मार्च (रूट मार्च) शुरू कर देंगे ताकि आम जनता में विश्वास बहाल हो और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। चुनाव आयोग की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए यह तैनाती की गई है, और आगामी दिनों में और भी कंपनियाँ क्षेत्र में पहुँचेंगी। स्थानीय प्रशासन और चुनाव अधिकारी केंद्रीय बलों के सहयोग से उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारी में जुटे हुए हैं।

## बेलघरिया में फोटोग्राफर से 6 लाख की ठगी, क्लाइंट बनकर कैमरा और उपकरण चुराए



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बेलघरिया इलाके के एक होटल में एक फोटोग्राफर के साथ ठगी की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने खुद को क्लाइंट बताकर दो दिवसीय कार्यक्रम की शूटिंग के बहाने फोटोग्राफर को होटल बुलाया और मौका देखकर उसका कैमरा, लेंस, लैपटॉप, लाइट्स सहित करीब छह लाख रुपये के उपकरण चुरा लिए। पीड़ित फोटोग्राफर ने बेलघरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, फोटोग्राफर चुंचुड़ा (हुगली) निवासी हैं और उन्हें एक मित्र के जरिए कोलकाता के इस क्लाइंट से संपर्क मिला था। होटल में विनीत शर्मा नामक व्यक्ति ने उन्हें एक कमरे में ले जाकर कुछ देर बैठने को कहा और यह कहकर बाहर चला गया कि वह तुरंत लौटेगा। बाद में उसने फोन कर बताया कि वह पास के फाइव स्टार होटल में है और फोटोग्राफर को वहीं बुलाया। फोटोग्राफर अपना बैग कमरे में छोड़कर वहां गए, लेकिन उन्हें वहां कोई नहीं मिला। जब वे वापस लौटे तो बैग गायब था। पुलिस सीसीटीवी और रजिस्टर के आधार पर आरोपी की पहचान में जुटी है।

## कृष्णानगर में चोर होने के संदेह में व्यक्ति की सामूहिक पिटाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर के पांच माथा मोड़ इलाके में गुरुवार की सुबह चोर होने के संदेह में एक व्यक्ति को खंभे से बांधकर पीटा गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में पांच माथा मोड़ इलाके में सौरजीत विश्वास नामक एक व्यक्ति के घर पर निर्माण कार्य चल रहा था। घर के निर्माण मजदूर चाय पीने के लिए बाहर गए थे। तभी, एक व्यक्ति घर में घुसा और कथित तौर पर घर के मालिक और मजदूरों का मोबाइल फोन चुराने की कोशिश की। उसी समय सौरजीत बाबू के बेटे ने उस व्यक्ति को देख लिया। अज्ञात व्यक्ति होने के कारण उससे पूछताछ की गई। तभी वह व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा। जब आरोपित को रोकने की कोशिश की गई तो दोनों के बीच हाथापाई हो गई। नजारा देख स्थानीय लोग सौरजीत के घर पहुंचे और आरोपित को पकड़ लिया गया। फिर, उसे सड़क किनारे खंभे से बांधकर पीटा गया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित को छुड़ाकर थाने ले जाया गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## कोलकाता में प्लास्टिक कचरा निपटाने की नहीं है व्यवस्था! हर दिन बर्बाद हो रहा है 1,300 टन से ज्यादा प्लास्टिक


फाइल फोटो

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पूरी दुनिया प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने की बात कर रही है, लेकिन कोलकाता जैसे महानगर में अब भी प्लास्टिक कचरा निपटाने की कोई संगठित व्यवस्था नहीं है। हर दिन शहर में हजारों टन ठोस कचरे के साथ-साथ भारी मात्रा में प्लास्टिक भी जमा हो रहा है, लेकिन इसे अलग करने, रीसाइक्लिंग करने या वैज्ञानिक तरीके से निपटाने के कोई कारगर इंतज़ाम नहीं हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की 2019-20 की एक रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में हर साल करीब 3 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। इसमें से केवल 13 प्रतिशत को ही रीसाइकिल किया जाता है, और 20 प्रतिशत को कानूनी ढंग से जलाया जाता है। शेष प्लास्टिक या तो अवैध रूप से जलाया जाता है या बेतरतीब फेंक दिया जाता है, जिससे जल, थल और वायु तीनों प्रदूषित हो रहे हैं। कोलकाता में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यहां प्लास्टिक संग्रहण के लिए कोई संगठित ढांचा मौजूद नहीं है। राज्य में केवल दो-एक यूनिट हैं, और पूरा काम रैगपिकर्स यानी मलबा चुनने वालों पर निर्भर है। ये हज़ारों लोग अनौपचारिक रूप से प्लास्टिक इकट्ठा करते हैं, लेकिन इन्हें न तो कोई सरकारी मान्यता मिली है और न ही कोई स्वास्थ्य या सामाजिक सुरक्षा। जबकि देश के अन्य कई राज्यों ने इन रैगपिकर्स को अधिकार और सुविधाएं दी हैं। राज्य में प्लास्टिक उत्पादन की करीब 1,200 फैक्ट्रियां काम कर रही हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई की ज़िम्मेदारी जिन सरकारी एजेंसियों की है, वे या तो लापरवाह हैं या मूकदर्शक बनी हुई हैं। यही वजह है कि प्लास्टिक प्रतिबंध सिर्फ कानून की किताबों में रह गया है, जबकि असल ज़िंदगी में शहर की नदियों, नालों, मैदानों और गलियों में प्लास्टिक का अंबार फैला है।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**खुली निविदा संख्याः- EI-PH-42-2025-26_01R1, दिनांकः- 28.05.2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/अनुरक्षण/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन नीचे सूचीबद्ध निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए भारतीय रेलवे e-Procurement System (www.ireps.gov.in) के माध्यम से ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को कार्य के लिए निर्दिष्ट तिथि को **15:00 बजे** तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकता है। निविदाएँ उसी दिन (खोलने की तिथि) **15:00 बजे** के तुरंत बाद खोली जाएँगी। **क्र.सं.: [1]। निविदा सं.: EI-PH-42-2025-26_01R1। कार्य का विवरणः** सीएलडब्ल्यू में सीसीटीवी प्रणाली का विस्तार। **निविदा बंद/खुलने की तिथिः 18.06.2025। अनुमानित मूल्य (रूपये): ₹ 2,01,67,460.00। बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रूपये): ₹ 2,50,800/-। पूर्ण होने की अवधिः** 4 माह। **ऑफर की वैधताः** 60 दिन। **निविदा दस्तावेज की लागतः** आईआरईपीएस पोर्टल से डाउनलोड करने के लिए शून्य और उप मुख्य विद्युत अभियंता/एम से प्राप्त करने के लिए ₹ 10,000.00 नोटः 1. बोलीदाता को सभी आवश्यक योग्यता दस्तावेज और पैन/जीएसटीआईएन की स्कैन की गई प्रतियां IREPS portal पर अपलोड करनी होंगी। 2. ई-टेंडर में भाग लेने के लिए "बोली लगाने के लिए बोलीदाता पास" Class-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) होना चाहिए। 3. यह कार्य GST, BOCWW (भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण), आयकर और नियमों के अनुसार अन्य वैधानिक करों सहित लागू करों के अधीन होगा। 4. निम्नलिखित कार्य के लिए समान प्रकृति के कार्यों की परिभाषा लागू होगीः **i. निष्क्रिय नेटवर्किंग प्रणाली पर OFC बैकबोन का उपयोग करके IP आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (सीसीटीवी नेटवर्क) की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (i.e. GEPON/GPON प्रणाली)। या ii. OFC और Passive नेटवर्किंग प्रणाली i.e. GEPON/GPON का उपयोग करके IP आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (सीसीटीवी नेटवर्क) का वार्षिक रखरखाव। निविदा दस्तावेज और निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।**
**PR2/066** एसटीई/चिरेका/चित्तरंजन
**"Like us on: www.facebook.com/clwrailways"**

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/677, दिनांक 04.06.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3455, कार्य का नाम :** हावड़ा मंडल के तहत स्टाफ क्वार्टरों के रिवायरिंग कार्य के संबंध में एसएसई/जी/बैण्डेल और एसएसई/जी/कटवा के कार्यक्षेत्र में स्टाफ क्वार्टरों की रिवायरिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 32,09,887/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.64,200/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 25.06.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।
HWH-121/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**ई-निविदा सं. : 29_2025-26, दिनांक 04.06.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **ई-निविदा सं. 29_2025-26, कार्य का विवरण :** पूर्व रेलवे/मुख्यालय/फेयरली प्लेस में रोलिंग स्टॉक कार्यालय का पुनर्गठन एवं नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 5,70,23,612.55, **बयाना राशि:** रु. 4,35,100/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 27.06.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-120/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आद्रा मंडल पर विज्ञापन, खानपान और पार्किंग के ठेके के लिए ई-नीलामी**
**ई-नीलामी सूचना संख्या: कमर्शियल.-1/पीयूबी/06/25** **दिनांक 04.06.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल के लिए विज्ञापन और खानपान के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करता है। ई-नीलामी का विवरण इस प्रकार है: **श्रेणी; नीलामी सूची संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी; नीलामी शुरू (सभी लॉट); नीलामी बंद होने की तिथि/समय:** ● विज्ञापन; एडीवीटी69; एडीवीटी -आद्रा-पीआरआर-ओएच-16-25-2 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); एडीवीटी -आद्रा-ओडीएम-ओएसएन-127-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)); एडीवीटी -आद्रा-बीबीएम-ओएसएन-121-25-2 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)); एडीवीटी -आद्रा-केएसएक्स-ओएसएन-128-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)); 16-06-2025 को 12:00 बजे; 16-06-2025 को 13:00 बजे। ● खानपान; सीएटीजी38; सीएटीजी-आद्रा-आद्रा-एसएमयू-80-24-1 (खानपान - विशेष लघु इकाई (एसएमयू)); 19-06-2025 को 12:00 बजे; 19-06-2025 को 12:30 बजे।
**संख्या: कमर्शियल-1/पार्किंग/06/25** **दिनांक 03.06.2025**
पार्किंग अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना का विवरण इस प्रकार है: **श्रेणी; नीलामी सूची संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी; नीलामी शुरू (सभी लॉट); कार्रवाई बंद होने की तिथि/समय:** ● पार्किंग; पार्क78; पार्किंग-आद्रा-वीएसयू -एमएक्स-65-25-1 (पार्किंग-मिश्रित), पार्किंग-आद्रा-एसएलबी-एमएक्स-60-25-1 (पार्किंग-मिश्रित), पार्किंग-आद्रा-बीबीएम-एमएक्स-64-25-1 (पार्किंग-मिश्रित); 23-06-25, 12:00; 23.06.25, 12:30; 23.06.25, 12:40; 23.06.25, 12:50।
**नोटः** इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल पर जाएं। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-230) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**
**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 107 स्टेशनों पर **"एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:- (1) परियोजना की अवधि:** ● टाकी रोड - 30 दिन दिनांक **30.06.2025** से शुरू। ● टाला, बराहनगर रोड, तालदी-30 दिन दिनांक **01.07.2025** से शुरू। ● माझेरहाट, ताहेरपुर, आड़ंघाटा -30 दिन दिनांक **02.07.2025** से शुरू। ● आकड़ा, संतोषपुर, कोमागाटा मारू बजबज - 30 दिन दिनांक **03.07.2025** से शुरू। ● धुबुलिया - 30 दिन दिनांक **04.07.2025** से शुरू। ● सुभाषग्राम- 30 दिन दिनांक **06.07.2025** से शुरू। ● हासनाबाद- 30 दिन दिनांक **07.07.2025** से शुरू। ● दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चंपाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोण्डालिया-30 दिन दिनांक **09.07.2025** से शुरू। ● बनगांव जं., दत्तपुकुर, बामनगाछी, गुमा, बीरा, दक्षिणेश्वर-30 दिन दिनांक **10.07.2025** से शुरू। ● हृदयपुर, मालतीपुर-30 दिन दिनांक **11.07.2025** से शुरू। ● बहारु, काकद्वीप, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, कल्याणी सीमांत, कल्याणी शिल्पांचल- 30 दिन दिनांक **12.07.2025** से शुरू। ● कल्याणपुर, होटोर - 30 दिन दिनांक **13.07.2025** से शुरू। ● चंपापुकुर- 30 दिन दिनांक **14.07.2025** से शुरू। ● माझेरग्राम, बाली घाट, ईडन गार्डेन्स, लालगोला, कासिमबाजार-30 दिन दिनांक **16.07.2025** से शुरू। ● चांदपाड़ा, गंगनापुर, बागबाजार, शासन रोड, सुर्ज्यपुर, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर, जगद्दल, टीटागढ़, इच्छापुर - 30 दिन दिनांक **17.07.2025** से शुरू। ● बीबीडी बाग, प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली - 30 दिन दिनांक **18.07.2025** से शुरू। ● भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजीनगर, पलासी, माझदिया, नंगी, न्यू अलीपुर, बीरनगर, पायराडांगा, ब्रेसब्रिज, शांतिपुर, सोदपुर-30 दिन दिनांक **19.07.2025** से शुरू। ● गोपालनगर, बड़ा बाजार, पातिपुकुर, कालिकापुर, बसुलडांगा, धपधपी, बगुला, बानपुर, पालपाड़ा - 30 दिन दिनांक **20.07.2025** से शुरू। ● गड़िया- 30 दिन दिनांक **21.07.2025** से शुरू। ● बादकुल्ला, काशीनगर हॉल्ट - 30 दिन दिनांक **22.07.2025** से शुरू। ● गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर-30 दिन दिनांक **24.07.2025** से शुरू। ● बिशरपाड़ा कोदालिया-30 दिन दिनांक **25.07.2025** से शुरू। ● जियागंज- 30 दिन दिनांक **26.07.2025** से शुरू। ● कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरामपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, बालीगंज जं., बाघा जतीन, गोचरण, नामखाना, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चकदह - 30 दिन दिनांक **27.07.2025** से शुरू। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्क:** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/-मात्र। **(3) आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 28.06.2025 को 15.00 बजे के अंदर। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-**700014 को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक **28.06.2025 को 16.00 बजे** संबंधित स्टेशनों पर चयन के लिए खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और ईओआई कागजातों के साथ विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मुर्शिदाबाद में जमीन विवाद के दौरान गोलीबारी, युवक घायल

**मुर्शिदाबाद :** जिले के नोउदा थाना अंतर्गत कोदालकाठी गांव में गुरुवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि गोलीबारी हो गई। इस घटना में 25 वर्षीय अजीज मंडल नामक युवक घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे पहले अमतला ग्रामीण अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार,



अजीज मंडल सुबह अपने खेत में काम करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उन्हें पड़ोसी के पटसन (पाट) के खेत से होकर गुजरना पड़ा। इस दौरान फसल को मामूली नुकसान हो गया, जिसे लेकर दोनों पक्षों में पहले बहस शुरू हुई। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ते-बढ़ते हाथापाई और फिर हिंसक झड़प में बदल गया। विवाद के दौरान मौके पर दोनों पक्षों के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। अचानक झड़प के बीच किसी ने गोली चला दी, जो सीधे अजीज मंडल के पैर में जा लगी। गोली लगते ही वह ज़मीन पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तुरंत घायल युवक को पहले अमतला ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी हालत नाजुक देख उसे मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना में अजीज के अलावा कुछ अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गोलीबारी की खबर फैलते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। स्थानीय लोग काफी डरे और सहमे हुए हैं। घटना की सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि हमलावरों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गांव में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## कोल इंडिया ने धनबाद में आडिटोरियम के निर्माण के लिए आइआइटी आइएसएम के साथ किया समझौता

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने अपने धनबाद परिसर के शताब्दी भवन में 1500 सीटों वाले अत्याधुनिक आडिटोरियम की स्थापना के लिए गुरुवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान- आइआइटी (आइएसएम), धनबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कोलकाता स्थित कोल इंडिया मुख्यालय कोल भवन में यह हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से एक बयान में बताया गया कि यह पहल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए कोल इंडिया के सीएसआर प्रयासों का हिस्सा है। कोल इंडिया लिमिटेड इस परियोजना के लिए 57 करोड़ रुपये का वित्त पोषण करके परियोजना का समर्थन कर रहा है। समझौता ज्ञापन पर




हस्ताक्षर डा विनय रंजन, निदेशक (मानव संसाधन), सीआइएल, अच्युत घटक, निदेशक (तकनीकी), सीआइएल और प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा, निदेशक, आइआइटी (आइएसएम), प्रोफेसर धीरज कुमार, उप निदेशक, आइआइटी (आईएसएम) की उपस्थिति में किए गए। इस अवसर पर सीआइएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा सीएसआर विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। बयान में कहा गया कि यह सहयोग हरित पहलों का समर्थन करने और शैक्षिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### टिकियापाड़ा फुट ओवर ब्रिज पर मरम्मत कार्य के चलते आवाजाही रहेगी बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और ढांचागत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हावड़ा और लिलुआ स्टेशनों के बीच स्थित टिकियापाड़ा फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर मरम्मत एवं उन्नयन कार्य शुरू किया जा रहा है। इस कारण 10 जून से आगामी एक माह तक इस ब्रिज पर आम जनता की आवाजाही अस्थायी रूप से स्थगित रहेगी। इस दौरान ब्रिज की मजबूती, मरम्मत और आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। पूर्व रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे असुविधा के लिए धैर्य रखें और कार्य में सहयोग करें। रेलवे प्रशासन यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है, ताकि यात्रियों को एक सुरक्षित और सुदृढ़ संरचना उपलब्ध कराई जा सके।

## बाईपास पर ट्रैफिक पुलिस का कियॉस्क चूर-चूर, डंपर नियंत्रण खोकर फुटपाथ पर चढा.

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बाईपास इलाके में गुरूवार की दोपहर एक डंपर ने नियंत्रण खोते हुए ट्रैफिक पुलिस का कियॉस्क पूरी तरह से तोड़ दिया। यह दुर्घटना पाटुली मोड़ के पास हुई, जहां डंपर फुटपाथ पर चढ़ गया और पास के एक इलेक्ट्रिक जंक्शन बॉक्स एवं एक मंदिर को भी क्षति पहुंचाई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब एक छोटी कार ने सिग्नल तोड़ते हुए पाटुली मोड़ से यू-टर्न लेने की कोशिश की। डंपर चालक उस कार को बचाने के प्रयास में वाहन का नियंत्रण खो बैठा और डंपर फुटपाथ पर चढ़ गया। डंपर पत्थरों से भरा हुआ था और 18 पहियों वाला भारी वाहन होने के कारण दुर्घटना की गंभीरता बढ़ गई। इस हादसे में डंपर चालक और खालासी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया




है। छोटी कार में सवार चालक और तीन अन्य यात्रियों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। इस दुर्घटना में किसी भी राहगीर या वाहन सवार को चोट नहीं पहुंची है। स्थानीय लोगों के अनुसार, डंपर की टक्कर के कारण फुटपाथ पर बने कई चाय के ठेले बच गए, हालांकि ट्रैफिक पुलिस का कियॉस्क पूरी तरह से नष्ट हो गया है। पुलिस और आपातकालीन सेवाएं घटना स्थल पर पहुंच कर राहत कार्य में जुटी हुई हैं। घटना की जांच जारी है।

## जीडीडीबी 2025 संगोष्ठी में जेनेटिक विविधता और रोग जीवविज्ञान में प्रगति पर हुई चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज एंड रिसर्च द्वारा जेनेटिक डाइवर्सिटी एंड डिजीज बायोलॉजी (जीडीडीबी 2025) पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सांतरागाछी स्थित जेआईएस स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में किया गया। इस संगोष्ठी में मानव और सूक्ष्म जीवों की जीनोमिक्स पर कार्य कर रहे विश्वभर के वैज्ञानिकों ने भाग लिया और नवाचार, शोध और शैक्षणिक आदान-प्रदान पर विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत जेआईएस ग्रुप के गणमान्य व्यक्तियों एवं अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की उपस्थिति में हुई। दो तकनीकी सत्रों और एक पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में कोलकाता के विभिन्न संस्थानों के पीएचडी शोधार्थियों ने हिस्सा लिया।




पहला सत्र जेआईएसआईएएसआर के निदेशक पद्मश्री प्रो. अजय कुमार राय की अध्यक्षता में हुआ। दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो. रुखसाना चौधुरी ने की। इस अवसर पर जेआईएस ग्रुप के निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह ने कहा, स्वास्थ्य सेवा का भविष्य हमारे जीन की भाषा को समझने में है। जीडीडीबी 2025 केवल एक संगोष्ठी नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला विचारों का संगम है।

## दांतन में बिजली गिरने से युवक की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दांतन-1 ब्लॉक में अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने दो गांवों में भारी तबाही मचाई। बुधवार की रात इस तेज झोंकेवाले तूफान ने न केवल कई इलाकों को प्रभावित किया, बल्कि एक व्यक्ति की जान भी ले ली। मृतक की पहचान राजकुमार दुवारी (45) के रूप में हुई है, जो नारायणचक इलाके का निवासी था। बुधवार की देर शाम दांतन थाना क्षेत्र के चकइस्माइलपुर ग्राम पंचायत के मधुबैचा और बाहारदा गांवों के ऊपर से यह तेज तूफान गुजरा। तेज हवा के साथ आई बारिश और बिजली की गड़गड़ाहट ने पूरे इलाके को हिला दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए, बिजली



के खंभे गिर गए और घरों की छतें उड़ गईं। स्थानीय लोग इस अचानक आए तूफान से काफी भयभीत हो गए। इसी दौरान राजकुमार दुवारी नामक व्यक्ति खेत में मूंगफली तोड़ने के लिए गया था, तभी आसमानी बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय वह खेत में अकेले था। बाद में, ग्रामीणों ने उसे मृत अवस्था में पाया।

## वुडलैंड्स अस्पताल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया 'वन जाइंट बोतल' अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वुडलैंड्स अस्पताल ने सीआईआई पश्चिम बंगाल राज्य परिषद और मैगपेट पोलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी कर 'वन जाइंट बोतल' नामक एक अभिनव पर्यावरणीय पहल की शुरुआत की। इस पहल के तहत अस्पताल परिसर में विशाल पीईटी बोतल के आकार के स्मार्टरीबिन्स लगाए गए हैं, जो प्लास्टिक न्यूट्रल स्वास्थ्य संस्थानों की दिशा में एक सार्थक कदम है। ये उन्नत स्मार्टरीबिन्स जियो-टैगिंग और सेंसर तकनीक से युक्त हैं, जो भरने पर स्वतः कचरा संग्रहण के लिए अलर्ट भेजते हैं। इन डिब्बों में एकत्र की गई प्लास्टिक बोतलों को मैगपेट पोलिमर्स द्वारा




पुनर्चक्रण कर उच्च गुणवत्ता की सामग्रियों में बदला जाता है, जिससे परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। सीआईआई पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष देबाशीष दत्ता ने इसे जागरूकता से क्रियान्वयन की दिशा में बड़ा कदम बताया। वहीं, वुडलैंड्स अस्पताल के एमडी एवं सीईओ रूपक बरुआ ने इसे सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने वाला प्रयास कहा। वुडलैंड्स ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सतत भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## आईटीसी ने 'नो प्लास्टिक, बेटर प्लास्टिक, लेस प्लास्टिक' रणनीति के साथ जताई पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता

**कोलकाता, समाज्ञा**

विश्व पर्यावरण दिवस पर आईटीसी ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी ने लगातार चौथे वर्ष प्लास्टिक न्यूट्रलिटी का दर्जा बनाए रखा है और 76,000 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र कर उसे सस्टेनेबल रूप से मैनेज किया है।

आईटीसी ने 'नो प्लास्टिक, बेटर प्लास्टिक और लेस प्लास्टिक' की रणनीति पर आधारित सस्टेनेबल पैकेजिंग के लिए नवाचारों में निवेश किया है। इसका उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विकल्प तैयार कर ग्राहकों व उद्योगों की बदलती जरूरतों को पूरा करना है। कंपनी ने 2028 तक 100% पैकेजिंग को रीसाइक्लेबल, रीयूजेबल या बायोडिग्रेडेबल बनाने का लक्ष्य रखा है।

आईटीसी के सस्टेनेबिलिटी हेड एस शिवकुमार ने कहा कि यह पहल केंद्र सरकार की एक राष्ट्र, एक मिशन योजना के अनुरूप है।

हाल ही में आईटीसी ने मध्य प्रदेश में मोल्डेड फाइबर प्लांट भी शुरू किया है, जो प्लांट-बेस्ड वैकल्पिक पैकेजिंग सॉल्यूशंस प्रदान करेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर दक्षिण पूर्व रेलवे ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने अपने मुख्यालय गार्डन रीच में विश्व पर्यावरण दिवस का उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर 22 मई से 5 जून तक प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं थीम पर आधारित प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को कम करने और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना था। मुख्य कार्यक्रम के तहत महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने नॉर्थ कॉलोनी, गार्डन रीच में पौधारोपण किया तथा वॉकाथॉन का नेतृत्व किया। इसमें अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, प्रमुख विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, स्काउट्स-गाइड्स व खेलकर्मी




शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक भी आयोजित हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग में कमी और वृक्षारोपण पर संदेश दिया गया। महाप्रबंधक ने सतत भविष्य के लिए व्यक्तिगत प्रयासों पर बल देते हुए प्लास्टिक मुक्त दक्षिण पूर्व रेलवे की प्रेरणा दी। अंत में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर अभियान का समापन किया गया।

### एफएसएसएआई की मंजूरी में देरी से दिवालिया हो सकता है पीईटी रीसाइक्लिंग उद्योग : एपीआर भारत

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसोसिएशन ऑफ पीईटी रिसाइकिलर्स (भारत) - एपीआर भारत ने चेतावनी दी है कि एफएसएसएआई द्वारा लाइसेंस जारी करने में हो रही देरी के कारण भारत का पीईटी रीसाइक्लिंग उद्योग दिवालियेपन की कगार पर पहुंच सकता है। उद्योग ने 7500-8000 करोड़ रुपये का निवेश कर 4 लाख मीट्रिक टन की क्षमता वाले अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित किए हैं, जो अब एफएसएसएआई की मंजूरी के अभाव में बंद पड़े हैं। करीब 15 पूरी तरह चालू संयंत्रों को अभी तक वाणिज्यिक उत्पादन की अनुमति नहीं मिल पाई है। एपीआर भारत के महानिदेशक शैलेंद्र सिंह के अनुसार, इनमें से कई कंपनियां बैंक ऋण पर आधारित हैं और देरी से उनका निवेश एनपीए में बदल सकता है। यह स्थिति न केवल 10,000 संभावित नौकरियों पर असर डालेगी, बल्कि दो मिलियन से अधिक कचरा बीनने वालों के लिए भी संकट खड़ा करेगी। उन्होंने नियामक से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, उप-प्राचार्या काकोली नाग, प्रशासनिक अधिकारी, प्रधानाचार्य, प्राथमिक, पाठ्यक्रम सह प्रभारी , वित्त अधिकारीगण व शिक्षिकाएँ उपस्थित थी। ग्रीष्मावकाश के कारण छात्राएँ उपस्थित नहीं थी। विद्यालय के प्राचार्य व उप-प्राचार्या और सभी विभाग के अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण कर आज के दिन को सार्थक बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव पौधारोपण के अवसर पर कहे कि पृथ्वी को हरा भरा बनाए रखने पर इसका लाभ भी हमें ही मिलता है, जितना अधिक वृक्षारोपण होगा उतना अधिक हम शुद्ध वातावरण में जीवन जी सकेंगे अतः हम सभी को आज के विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति सजग रह के अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन जीवनपर्यंत करना चाहिए।

## पूर्व रेलवे ने 'गो ग्रीन' पहल के साथ दिखाई पर्यावरणीय प्रतिबद्धता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें थीम के तहत बड़े उत्साह और जागरूकता अभियानों के साथ मनाया। 22 मई से 5 जून तक आयोजित पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत कई नवाचारी और प्रभावी गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य कार्यक्रम हावड़ा मंडल स्थित गुलमोहर रेलवे कॉलोनी में वृक्षारोपण अभियान रहा, जिसमें पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर एवं पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ) की अध्यक्ष सीमा देउस्कर ने पौधारोपण कर शुरुआत की। इसके साथ ही डीआरएम/हावड़ा, ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधे



लगाए। तकनीकी नवाचारों के तहत धात्री साथी ऑन व्हील्स नामक मोबाइल जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो गार्बेज फ्री इंडिया (जीएफआई) के सहयोग से विकसित की गई है। इस वैन का उद्देश्य प्लास्टिक उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके अतिरिक्त स्मार्ट डस्टबिन्स का उद्घाटन भी किया गया, जो पीईटी बोतलों के लिए डिजाइन किए गए हैं और भरने पर अलर्ट भेजते हैं।

हावड़ा, सियालदह, आसनसोल व मालदह मंडलों सहित रेलवे कार्यशालाओं में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रीन प्लेज की शपथ लेकर अधिकारियों ने स्वच्छ और हरित भारत के प्रति संकल्प जताया। इन पहलों के माध्यम से पूर्व रेलवे ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया।

### पूर्व रेलवे ने मनाया अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस के अवसर पर एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे ने बी.बी.डी. बाग लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 10सी/टी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। फेयरली प्लेस स्थित रेलवे मुख्यालय से बी.बी.डी. बाग स्टेशन तक एक जागरूकता रैली निकाली गई और सुरक्षा संबंधी निर्देशों वाले पर्चे वितरित किए गए। पूर्व रेलवे की काउंसलिंग टीमों ने अपने चारों मंडलों-हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह-में स्थित क्रॉसिंग्स पर जाकर यात्रियों को बताया कि ट्रेन आते समय ट्रैक पार न करें, मोबाइल का प्रयोग न करें, दोनों ओर देखकर सावधानी से पार करें और स्टॉप संकेत पर वाहन अवश्य रोकें। इस अभियान में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, स्काउट्स एंड गाइड्स, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक एवं एनजीओ प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान का उद्देश्य सुरक्षित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना और जनहानि को रोकना रहा।

## पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच मानिकतला इकाई ने मनाया पर्यावरण दिवस







**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल जायसवाल युवा मंच मानिकतला इकाई द्वारा जायसवाल संरक्षक संघ के सहयोग से गुरुवार को 'पेड़ लगाओ अभियान : शक्ति - सेवा - समर्पण' कार्यक्रम का द्वितीय चरण - सेवा, जो पर्यावरण दिवस के शुभावसर पर श्यामबाजार फाइव पॉइंट क्रॉसिंग पर पुलिस कर्मी और सिविक वॉलंटियरों को गर्मी से राहत हेतु कूलिंग किट प्रदान करके संपन्न किया गया। कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के पदाधिकारी, सदस्य, युवा मंच की इकाइयों मुख्यतः चलता बागान, महिला इकाई, बिधान सरणी, बी टी रोड, आदि एवं श्री साई सत्संग महिला समिति की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम में उत्साहवर्धन के लिए वार्ड 12 की पार्षद डॉ. मीनाक्षी गांगुली भी सम्मिलित हुई और इस कार्य की खुलकर सराहना की। साथ ही, श्यामबाजार जैसे व्यस्त मार्ग के पास इस कार्यक्रम के कुशल कार्यांवन में ट्रैफिक पुलिस का भरपूर सहयोग रहा। कुल मिलाकर आज का ये ऐतिहासिक क्षण संस्था का लिए मील का पत्थर साबित हुए। इस कार्यक्रम का अगला चरण समर्पण आगामी 8 जून को देशबंधु पार्क में सुबह 10 बजे से निर्धारित है, जिसमें 101 पेड़ लगाए जायेंगे।

### नौकरी गंवाने वाले गैर-शिक्षण कर्मियों ने बहाली की मांग को लेकर सड़क पर उतरे

**कोलकाता, समाज्ञा :** नौकरी गंवाने वाले गैर-शिक्षण कर्मियों का एक वर्ग ने गुरुवार को अपनी पुनर्बहाली की मांग को लेकर साल्टलेक में सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन तक मार्च निकाला। तख्तियां थामे और नारे लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों - बर्खास्त ग्रुप सी और ग्रुप डी के गैर-शिक्षण कर्मचारियों का एक समूह - करुणामयी मोड़ से विकास भवन तक अपना मार्च शुरू किया। अन्य मांगों के अलावा, उन्होंने योग्य और अयोग्य नियुक्तियों के बीच स्पष्ट अंतर करने की भी मांग की। आंदोलनकारियों ने यह भी दावा किया कि उन्हें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पहले घोषित अस्थायी मासिक भत्ता अभी तक नहीं मिला है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विकास भवन के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## सियालदह मंडल ने अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस मनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस (आईएलसीएडी) के अवसर पर सियालदह मंडल द्वारा बालीगंज स्टेशन पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। आईएलसीएडी एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता फैलाना है। इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे द्वारा शुरू की गई। इस पहल में लगभग 50 देश भाग लेते हैं। विश्वभर में पांच लाख से अधिक लेवल क्रॉसिंग हैं, जबकि सियालदह मंडल में लगभग 450 क्रॉसिंग मौजूद हैं। रिपोर्टों के अनुसार, 62% गंभीर दुर्घटनाएं ट्रैक पार करते समय असावधानी के कारण होती हैं। इस वर्ष की थीम



लोगों को सही निर्णय लेने में मदद करना और स्लोगन सुरक्षित निर्णय - हर बार रहा, जो व्यक्तिगत सतर्कता की भूमिका को रेखांकित करता है।

मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ट्रैक पार करते समय सतर्कता बरतने और नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के दौरान सुरक्षा से संबंधित पर्चे वितरित किए गए, जिनमें आवश्यक सावधानियां और नियम उल्लिखित थे। यह अभियान जनहित में लाभकारी सिद्ध हुआ और लोगों ने संदेश को आगे फैलाने का संकल्प लिया।

# फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड का सिंडिकेट तोड़ना मुख्य लक्ष्य : कोलकाता पुलिस आयुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट और फर्जी आधार कार्ड बनाने का चलन बढ़ता जा रहा है। अलग-अलग समय पर ऐसे दस्तावेजों का इस्तेमाल कर राज्य में रह रहे बांग्लादेशी और यहां तक पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में पता चला है। इससे आम लोगों में सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। पूरे मामाते में राज्य पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय जांच एजेंसी भी सक्रिय हो गई है। इस बीच, गुरुवार को कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य इस धोखाधड़ी गिरोह की जड़ तक पहुंचना है। मुख्य उद्देश्य इस गिरोह को तोड़ना है। उन्होंने कहा कि न केवल जाली दस्तावेजों का उपयोग करने बालों बल्कि इस आपराधिक गिरोह के मुख्य अपराधियों की भी पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अलीपुर बॉडीगार्ड लाइन में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान मीडिया से बात करते हुए सीपी मनोज वर्मा ने कहा कि फर्जी पासपोर्ट के मुद्दे पर पहले भी कदम उठाए गए हैं। अब सत्यापन प्रक्रिया को सख्त किया जा रहा है। जहां भी फर्जी दस्तावेजों के आरोप लगे हैं, यहां वास्तविक सच्चाई की जांच की जा रही है। इसके अलावा, जांच में पता चला है कि कोलकाता के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से एक बार में 130 पासपोर्ट जारी किए गए थे, जिनमें से 120 बांग्लादेशी नागरिकों के थे। शुरुआती जांच में संदेह है कि कोलकाता से सटे कुछ इलाकों से एक सुसंगठित गिरोह इस धोखाधड़ी के धंधे को चला रहा है। एजेंटों के जरिए यह गिरोह पुलिस वेरिफिकेशन से लेकर कई तरह के दस्तावेजों के लिए 'पैकेज डील' ऑफर करता है।



कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर अलीपुर बॉडीगार्ड लाइन में किया वृक्षारोपण।

## अचानक एसएसकेएम अस्पताल पहुँचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कहा... 'आंखों की जांच के लिए आई थी'



**कोलकाता :** गुरुवार की शाम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अचानक एसएसकेएम अस्पताल पहुँचीं, जिससे अस्पताल परिसर और स्वास्थ्य विभाग में हलचल शुरू हो गई। मुख्यमंत्री करीब शाम 4:30 बजे अस्पताल पहुँचीं और लगभग दो घंटे वहाँ रहीं। शाम 6:30 बजे वह उडबर्न ब्लॉक से बाहर निकल गईं। मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम, एसएसकेएम अस्पताल के निदेशक डॉ. मणिमय बंदोपाध्याय, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अस्पताल से बाहर निकलते समय पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में ममता बनर्जी ने कहा, 'मैं आंखों की पावर चेक कराने आई थी।' वहीं, दिल्ली दौरे को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, 'अभी कुछ निश्चित नहीं है।' पत्रकारों ने जब उनसे अनुब्रत मंडल से जुड़ा सवाल किया, तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'यह अस्पताल है, यहां इस विषय पर कुछ नहीं कहूंगी।'

गौरतलब है कि पिछले साल न्यूटाउन के एक निजी अस्पताल में मुख्यमंत्री ने दोनों आंखों की मोतियाबिंद की सर्जरी कराई थी। एक सप्ताह के अंतर से दोनों आंखों का ऑपरेशन हुआ था। लगभग एक साल बाद वह आंखों की नियमित जांच के लिए एसएसकेएम पहुँची थीं।

उनकी अचानक उपस्थिति को लेकर अस्पताल में सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए गए थे, हालांकि मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से सामान्य मरीज की तरह व्यवहार किया और अस्पताल कर्मियों से संक्षिप्त बातचीत भी की।

### कुल्टी में युवक का रक्तरंजित शव बरामद

**पश्चिम बर्दवान :** जिले में कुल्टी थाना इलाके में सीतारामपुर-इथोरा रोड के किनारे बुधवार देर रात एक युवक का रक्तरंजित शव बरामद हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई शव को बरामद किया। गुरुवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान जामुड़िया के निघा इलाके के निवासी देव सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है, जो मृत युवक की बताई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस का मानना है कि देव सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के पास एक जमीन कारोबारी के कार्यालय से काम खत्म कर घर लौट रहा था। उसी समय किसी ने उस पर हमला किया। पुलिस दुर्घटना की संभावना से भी इनकार नहीं कर रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विधानसभा में सर्वदलीय बैठक में भाजपा नहीं हुई शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में गुरुवार को सर्वदलीय बैठक हुई। स्पीकर ने कहा कि आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी को छोड़कर विपक्षी दल का कोई अन्य विधायक मौजूद नहीं थे। इसके बाद, सवाल उठता है कि आगामी सत्र कितनी सुचारू रूप से चलेगा? हालांकि, स्पीकर को उम्मीद है कि आगामी सत्र में उन्हें विपक्ष का समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार एक महत्वपूर्ण कार्य होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है, सभी सहयोग करेंग, ताकि हम महत्वपूर्ण सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चला सकें, यही सभी से अपील है। गर्मी है, रहेगी। संसदीय लोकतंत्र में अगर गर्मी नहीं है, तो यह कमजोर होती है। हालांकि, बिमान ने कहा कि 'गर्मी' के बावजूद विधानसभा सत्र चलेगा। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा कथित तौर पर विधानसभा सत्र में मुर्शिदाबाद पर अलग से चर्चा की मांग कर रही है। उन्होंने मुर्शिदाबाद में कुछ जगहों पर हुई हत्याओं और लूटपाट को लेकर राज्य की सत्तधारी पार्टी पर उंगली उठाई है। इस चर्चा के बारे में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कई लोगों के पास कहने के लिए बहुत कुछ हो सकता है। संवैधानिक तौर पर जो भी संभव होगा, मैं करूंगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस बार गंगा के कटाव और पेयजल समस्या पर दो प्रस्ताव आने वाले हैं। विधानसभा में कई महत्वपूर्ण विधेयक आने वाले हैं। विधानसभा सत्र करीब दो सप्ताह तक चलेगा।



## बकाया महंगाई भत्ते की सही राशि की गणना के लिए तकनीक का इस्तेमाल करेगी सरकार

### सभी कार्यालयों को तकनीक भेजी जाएगी और कर्मचारियों का डीए प्राप्त करने की समय सीमा पूछी जाएगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सचिवालय ने सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते (डीए) के बकाया हिस्से का भुगतान करने के लिए तकनीकी दृष्टिकोण से एक नई विधि बनाने का फैसला किया है। सभी कार्यालयों को तकनीक भेजी जाएगी और सभी कर्मचारियों का डीए प्राप्त करने की समय सीमा पूछी जाएगी। 16 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि बकाया हिस्से का भुगतान छह सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए। उससे पहले राज्य सरकार को आदेश जारी होने के चार सप्ताह के अंदर बकाया राशि के भुगतान के लिए उठाए गए कदमों की प्रगति की जानकारी भी देश की शीर्ष अदालत को देनी होगी। राज्य सचिवालय नवान्न सूत्रों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के दोनों आदेशों को लागू करने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार तकनीकी प्रणाली विकसित करने की जिम्मेदारी एक निजी कंपनी को दी जा रही है। उस तकनीक में सरकारी कर्मचारियों को अपने स्वयं के पोर्टल एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आइएफएमएस) पर जाकर 2009 में रोपा लागू होने के बाद की सेवा अवधि की रिपोर्ट देनी होगी। सभी विभागों, सरकार द्वारा अनुमोदित और सरकार द्वारा समर्थित स्वायत्त निकायों और स्कूल-कालेजों, विश्वविद्यालयों को इस तकनीक के जरिए जानकारी भेजने का निर्देश दिया जाएगा। जहां सरकारी कर्मचारी जुलाई 2009 से दिसंबर 2019 तक की अपनी-अपनी सेवा अवधि की रिपोर्ट देंगे। इसी तरह, उस अवधि के दौरान सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वालों से भी अपनी जानकारी देने को कहा जाएगा। उस जानकारी को उपलब्ध कराने से वित्त विभाग आसानी से यह निर्धारित कर सकेगा कि किसी अधिकारी या सरकारी कर्मचारी को कितना बकाया डीए भुगतान किया जाना चाहिए। वित्त विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, इस पद्धति से न केवल राज्य सरकार को यह पता चल सकेगा कि कितने कर्मचारियों को कितना वेतन और कितना बकाया देना है, बल्कि इससे चार सप्ताह बाद सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट सौंपने में भी मदद मिलेगी।

## चांपदानी में जल्द बनेगा नया बायपास

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चांपदानी को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए एक नई बायपास सड़क निर्माण की दिशा में ठोस पहल की गई है। प्रस्तावित यह सड़क दिल्ली रोड को सीधे जी.टी. रोड से जोड़ेगी, जिससे न केवल हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि भारी मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही भी पहले से कहीं ज्यादा सुगम हो जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई इस परियोजना के तहत लगभग 8 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा, जो डीवीसी नहर के किनारे-किनारे होकर भद्रेश्वर के बिगाटी से शुरू होकर चांपदानी के जी.टी. रोड में जाकर मिलेगी। रास्ते में एक रेलवे लाइन होने के कारण वहां एक आधुनिक फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा। इसी हफ्ते को जिला प्रशासन, रेलवे और सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तावित मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर चांपदानी के विधायक अरिंदम गुंई, चांपदानी नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, बैद्यबटी नगर पालिका अध्यक्ष पिंटू महतो, रामपुर के एसडीओ शंभुदीप सरकार और चंदननगर के एसडीओ विष्णु दास मौजूद रहे। इस सड़क को बहुपरतीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। इसमें दोपहिया वाहनों और साइकिल के लिए अलग लेन के साथ-साथ दोनों ओर चौड़ी फुटपाथें भी बनाई जाएंगी, जिससे पैदल यात्रियों को भी पर्याप्त सुविधा मिलेगी। रेलवे की ओर से निर्माण कार्य में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया गया है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बैद्यबटी और भद्रेश्वर में पहले से मौजूद रेलवे ओवरब्रिज सड़क के निर्माण में कोई बाधा न बने। प्रस्तावित सड़क परियोजना से जुड़े सभी दस्तावेज राज्य सचिवालय नवान्न भेज दिए गए हैं। जैसे ही राज्य सरकार से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त होगी, निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा।




## जगतबल्लभपुर में पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पीछे व्यक्ति का अधजला शव बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार एक खेत में एक व्यक्ति का अधजला शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह सनसनीखेज घटना मुंशी-रहाट पीडब्ल्यूडी के पास स्थित एक खेत की है, जहां स्थानीय लोगों ने सबसे पहले शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यह कोई साधारण मौत नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है, जिसमें शव को पहचान से बचाने के लिए जलाने की कोशिश की गई है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव का चेहरा बुरी तरह से जला हुआ था। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि चेहरा संभवतः किसी मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की बैटरी से जानबूझकर जलाया गया है, ताकि मृतक की पहचान न हो सके। इससे पुलिस को यह अंदेशा हुआ है कि हत्यारों ने पूरी योजना के तहत यह अपराध अंजाम दिया है। पुलिस अधिकारियों का प्राथमिक अनुमान है कि यह शव करीब चार से पांच दिन पुराना हो सकता है। गर्मी के मौसम में शव में तेज सड़न और दुर्गंध फैल चुकी थी, जिससे स्थानीय लोगों को इसकी भनक लगी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा, लेकिन पुलिस इसे हत्या का मामला मानकर गंभीरता से जांच कर रही है।

## बैंडेल महात्मा गांधी हिन्दी विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बैंडेल में स्थित बैंडेल महात्मा गांधी हिन्दी विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर, जय हिन्द बाहिनी, इको क्लब तथा विद्यालय के 250 छात्र-छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। छात्र - छात्राओं ने विद्यालय से बैंडेल आएसआई हॉस्पिटल तक एक रैली निकालकर आम लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कैडेटों ने हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट डॉ. इंद्रनील दास को स्वयं निर्मित चित्र तथा पौधा देकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी द्वारा छात्र छात्राओं ने अपने वक्तव्य के द्वारा सभी को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। स्वनिर्मित चित्र प्रदर्शनी द्वारा कैडेटों ने पर्यावरण के प्रति अपने अपने भाव को दर्शाया। प्रधानाध्यापक विजय कुमार प्रसाद ने सभी छात्रों से आज के दिन कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम का आयोजन एएनओ धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया।



## महेशतला में किशोर श्रमिक के साथ बर्बरता करने वाला मुख्य आरोपित मुंबई से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला नगरपालिका स्थित रवींद्र नगर थाना इलाके के एक जींस वॉश कारखाने में मोबाइल चोरी के शक में 14 वर्षीय किशोर के साथ की गई बर्बरता को लेकर पुलिस बेहद गंभीर है। ऐसे में उक्त मामले पर पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान शहंशाह के रूप में हुई है, जो वायरल वीडियो सामने आने के बाद से फरार था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार मालिक पर 14 वर्षीय किशोर को मोबाइल फोन की चोरी के संदेह में उल्टा लटका कर बेरहमी से पीटने और उसे बिजली के झटके देने का आरोप है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिससे जनआक्रोश फैल गया। पीड़ित किशोर महेशतला की उसी फैक्ट्री में काम करता था, जहां यह अमानवीय कृत्य हुआ। किशोर के परिवार वालों ने दावा किया है कि बच्चे पर लगाया गया चोरी का आरोप झूठा है। एक परिजन ने पत्रकारों से कहा कि उसे बेवजह प्रताड़ित किया गया। हमने इस संबंध में औपचारिक रूप से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में पहले ही तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



## तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा और बीजद नेता पिनाकी मिश्रा ने जर्मनी में शादी की

❑ **तृणमूल सांसद सायोनी घोष ने विवाह के लिए दी बधाई**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद और वकील पिनाकी मिश्रा से इस सप्ताह जर्मनी में शादी कर ली। खबरों के अनुसार, महुआ मोइत्रा (50) और पिनाकी मिश्रा (65) ने तीन जून को जर्मनी में शादी की। खबरों के अनुसार, 50 वर्षीय मोइत्रा ने जर्मनी में आयोजित एक निजी समारोह में 65 वर्षीय मिश्रा के साथ विवाह किया। दोनों नेताओं की साथ में एक तस्वीर भी प्रसारित हो रही है, जिससे अटकलों को और बल मिला है। इस संबंध में मोइत्रा और मिश्रा, दोनों में से किसी ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। इस बारे में, जब तृणमूल कांग्रेस के कुछ सांसदों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। इन्वेस्टमेंट बैंकर के पेशे से राजनीति में आईं मोइत्रा कृष्णनगर से लोकसभा सदस्य हैं। वह दूसरी बार, लोकसभा में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इससे पहले वह एक बार राज्य विधानसभा की सदस्य रही हैं। मोइत्रा की शादी पहले डेनिश फाइनेंसर लार्स ब्रोरसन से हुई थी। बीजद के वरिष्ठ नेता मिश्रा उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और ओडिशा के पुरी से चार बार लोकसभा सदस्य रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा और बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद पिनाकी मिश्रा के विवाह की मीडिया में जारी खबरों के बीच तृणमूल की सांसद सायोनी घोष ने गुरुवार को दोनों को बधाई दी। घोष ने 'एक्स' पर मोइत्रा, मिश्रा और साथी सांसद जून मलैया के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि बधाई हो महुआ मोइत्रा और पिनाकी मिश्रा। कामना करती हूं कि आपको जीवन भर प्यार और हंसी मिलती रहे। हालांकि, विवाह को लेकर मोइत्रा या मिश्रा की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



## सीआरईडीएआई बंगाल का नाम बदलकर 'सीआरईडीएआई कोलकाता' किया गया

**कोलकाता, समाज्ञा**

रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रतिनिधि संस्था सीआरईडीएआई, बंगाल ने अपना नाम बदलकर अब से 'सीआरईडीएआई कोलकाता' कर दिया है। यह परिवर्तन सीआरईडीएआई नेशनल के निर्देशानुसार किया गया है, जिसमें शहर के नाम पर ही संबंधित सिटी चैप्टर का नामकरण किया जाना अनिवार्य है। सीआरईडीएआई कोलकाता अब कोलकाता शहर का प्रतिनिधित्व करता है और सीआरईडीएआई नेशनल से संबद्ध है, जो देश भर के 230 शहरों में 13,000 से अधिक डेवलपर्स का संगठन है।

सीआरईडीएआई कोलकाता के अध्यक्ष सिद्धार्थ पंसारी ने कहा कि चार दशकों से सीआरईडीएआई बंगाल की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, संगठन अपने नैतिक मूल्यों और पारदर्शिता को कायम रखेगा। सीआरईडीएआई कोलकाता के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अपूर्वा सालारपुरिया ने भी कहा कि संगठन शहर की जरूरतों और जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए रियल एस्टेट क्षेत्र को अधिक संगठित और संवेदनशील बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नाम परिवर्तन के साथ नया लोगो भी जारी किया गया है और सभी प्लेटफार्मों पर आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। वर्तमान में पश्चिम बंगाल के लिए सीआरईडीएआई का राज्य चैप्टर 'सीआरईडीएआई वेस्ट बंगाल' है, जिसमें कोलकाता, हावड़ा-हुगली, सिलीगुड़ी और असनसोल जैसे शहर शामिल हैं।

### डोमजूर में मोबाइल चोर गिरफ्तार, घर से 12 फोन बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के डोमजूर थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मोबाइल चोरी के आरोपी मोहम्मद चांद (32) को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से विभिन्न कंपनियों के 12 चोरी किए गए मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। मामला डोमजूर थाने में दर्ज किया गया था। पूछताछ में मोहम्मद चांद ने यह स्वीकार किया कि वह एक आदतन अपराधी है और नियमित रूप से मोबाइल फोन चोरी कर उन्हें दूसरों को बेच देता है। इस खुलासे के बाद पुलिस ने एक नया स्वतः संज्ञान (सुओ-मोटो) मामला भी आरोपी के खिलाफ दर्ज किया है। दोनों मामलों की जांच हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की टीम द्वारा की जा रही है।

## पिछले 5 वर्षों में ढाई लाख नई बाइक्स! दोपहिया वाहनों की बेतहाशा बढ़त से चिंतित कोलकाता पुलिस

**अन्नू राय**

**कोलकाता :** कोलकाता की सड़कों पर दोपहिया वाहनों की बेतहाशा बढ़ोतरी अब शहर की यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। कोलकाता पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाओं में वृद्धि का एक प्रमुख कारण यही तेज़ी से बढ़ते बाइक्स और स्कूटर हैं।



आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में कोलकाता में 2.5 लाख से अधिक (कुल 2,52,050) नए दोपहिया वाहन सड़कों पर उतरे हैं। वर्ष 2024 में ही रिकॉर्ड 57,033 नए दोपहिया वाहन पंजीकृत हुए हैं, जो परिवहन विभाग के लिए एक ऐतिहासिक आँकड़ा है।

कोलकाता पुलिस का मानना है कि दोपहिया वाहनों की भीड़ और बेतरतीब रफ्तार से दुर्घटनाएँ बढ़ रही हैं और साथ ही मृत्यु दर में भी इजाफा हुआ है। सड़कों पर जगह की कमी और ट्रैफिक का दबाव पहले से ही गंभीर था, और बाइकों की यह बाढ़ अब इसे और भी जटिल बना रही है।

चार प्रमुख आरटीओ - बेलतला पीवीडी, साल्टलेक, कसबा और बेहाला - से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हर साल पंजीकरण की संख्या लगातार बढ़ रही है। सिर्फ बेलतला पीवीडी से ही महामारी के बाद 90,000 से अधिक नए दोपहिया वाहन पंजीकृत हुए हैं।

**साल दर साल पंजीकरण के आंकड़े इस प्रकार हैं:**

❑ 2020: **49,185**
❑ 2021: **47,425**
❑ 2022: **49,224**
❑ 2023: **49,183**
❑ 2024: **57,033** (अब तक का रिकॉर्ड)

कोलकाता पुलिस का कहना है कि यदि दोपहिया वाहनों की वृद्धि इसी तरह जारी रही, तो आने वाले दिनों में ट्रैफिक नियंत्रण और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखना बेहद मुश्किल हो जाएगा। प्रशासन अब इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए कड़ी निगरानी, हेलमेट चेकिंग, स्पीड नियंत्रण और पार्किंग नियमों पर सख़्त कदम उठाने की योजना बना रहा है।

सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से यह एक चेतावनी का संकेत है, और समय रहते इससे निपटना आवश्यक है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### मस्जिद के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने के आरोपियों को जमानत मिली

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मेरठ में एक मस्जिद के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने के आरोपी दो व्यक्तियों को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने सचिन सिरोही और संजय समरवाल की जमानत की अर्जी मंजूर कर दी। अभियोजन के मुताबिक, ये याचिकाकर्ता कुछ अन्य लोगों के साथ अन्य धर्म से जुड़े एक धार्मिक स्थल के बाहर जबरदस्ती हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे और इस तरह से वे धर्म के आधार पर वैमनस्य और घृणा को बढ़ावा दे रहे थे। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि वे निर्दोष हैं और इन्हें राजनीतिक रंजिश के चलते इस मामले में झूठा फंसाया गया है। इसके अलावा, याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं हैं। राज्य सरकार के वकील ने हालांकि जमानत याचिका का यह कहते हुए विरोध किया कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आरोप है कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए ये मुस्लिम समुदाय से जुड़े धार्मिक स्थल में हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे।

### हेमा मालिनी का लोगों से एसी का दो घंटे कम इस्तेमाल करने का आह्वान

**मथुरा (उप्र):** लोकसभा सांसद हेमा मालिनी ने बढ़ते वैश्विक तापमान के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपना एयर कंडीशनर (एसी) सामान्य से दो घंटे कम इस्तेमाल करें। हेमा मालिनी ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की तात्कालिकता पर जोर देते हुए उम्मीद जताई कि सामूहिक प्रयासों से मथुरा भगवान कृष्ण के समय की प्राकृतिक सुंदरता को फिर से पा सकता है। इसी तरह के एक समानांतर कार्यक्रम में, मथुरा के प्रभागीय वन अधिकारी रजनी कांत मित्तल ने शहर में चल रही एक प्रमुख हरियाली परियोजना के बारे में जानकारी साझा की। सामाजिक वानिकी प्रभाग लगभग 150 हेक्टेयर क्षेत्र में एक नगर वन विकसित कर रहा है।

# सनातन की मजबूत नींव पर आकार ले रहा विकसित भारत : योगी आदित्यनाथ

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज के 87वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया। योगी ने इस दौरान अयोध्या के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की मजबूत नींव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है तथा 'डबल इंजन' की सरकार के प्रयासों से अयोध्या में त्रेतायुगीन वैभव की वापसी हो रही है। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन अत्यंत अभिभूत करने वाला और आनंदमयी है। उन्होंने कहा, "यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास जी के जन्मदिवस समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।' उन्होंने कहा कि पूज्य संतों की दिव्य साधना और आशीर्वाद के कारण ही भारत नए भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना रुके और डिगे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में



जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन और प्राण प्रतिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई और आज रामदरबार एवं राम मंदिर में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य भी पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण सनातन धर्म की मजबूत नींव का प्रतीक है। उन्होंने काशी, महाकाल, केदारपुरी और सोमनाथ मंदिरों के सौंदर्यीकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मंदिरों पर सनातन धर्म की मजबूत नींव टिकी है। इस नींव पर मजबूत और भव्य भारत का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने मणिरामदास छावनी के गौरवशाली इतिहास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी से 21वीं सदी तक, इस छावनी की 300 वर्षों की कठोर साधना का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि साक्षात माता जानकी ने इस परंपरा के संत को दर्शन दिए, जिसके कारण यह परंपरा फली-फूली।

### कभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं पर गोलियां चलती थीं, आज पुष्प वर्षा होती है : आदित्यनाथ

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं और श्रद्धालुओं पर लाठी डंडे बरसाकर उन्हें प्रताड़ित किया जाता था, लेकिन आज श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा होती है तथा उन्हें पीने के लिए शुद्ध पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने 'अतिथि देवो भव:' की नयी परिभाषा गढ़ रही है। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने राम कथा पार्क में आयोजित अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

## राजस्थान को पानी के मामले में आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री शर्मा




**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार पानी के लिहाज से राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का भी आह्वान किया। वह विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर जयपुर के रामगढ़ में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत रामगढ़ बांध पर श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य में 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान की शुरुआत बृहस्पतिवार को हुई। इस अवसर पर शर्मा ने कहा, जल ही जीवन है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम प्रकृति का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि आज से शुरू हो रहे वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत प्रदेशभर में जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि जन सहभागिता को बढ़ावा देते हुए वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान में ज्यादा से ज्यादा श्रमदान करें तथा परंपरागत जलस्रोतों को स्वच्छ बनाएं जिससे वर्षा जल का संचयन हो। मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जमवारामगढ़ में सिंदूर का पौधा लगाया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरेडिका में लगाए गये पौधे

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान का प्रारम्भ किया। इसी कड़ी में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने आरेडिका के इको कम जोगर्स पार्क में महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के साथ वृक्षारोपण किया। इस मौके पर महाप्रबंधक महोदय ने महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस-2025 की "थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं " है प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग कम से कम करें, सिंगल यूज प्लास्टिक के



प्रयोग से पूर्णतः बचें, बाजार से सामान लाने हेतु कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग करें। हम अपने संसाधनों का संतुलित एवं जिम्मेदारी के साथ उपयोग करे जिससे आने वाली पीढ़ियों को संसाधनों की कमी का सामना न करना पडे। आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि आज पीपल, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, चितवन, आदि के 900 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

## न्यूज अपडेट

### कोर में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन



**प्रयागराज, समाज्ञा :** विश्व पर्यावरण दिवस एक ऐसा अवसर है जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और क्रियाशीलता के लिए समस्त जन मानस को एकजुट करता है। इस वर्ष, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने प्लास्टिक प्रदूषण का अंत को केन्द्र में रखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की परिकल्पना की है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज द्वारा दिनांक 05 जून को महाप्रबन्धक संजय कुमार श्रीवास्तव के उपस्थिति में रेल विद्युतीकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण एवं सिगलयूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने हेतु शपथ ली और बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए महाप्रबन्धक महोदय ने केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण मुख्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधा लगाने हेतु जागृत किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विद्युत इंजीनियर (योजना) एस.एस.नेगी, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर/प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री आर.एन. सिंह, सचिव-महाप्रबन्धक नरेन्द्र चौधरी, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी के.के. श्रीवास्तव, उप महाप्रबन्धक/मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कल्याण सिंह एवं जनसम्पर्क अधिकारी विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

### झारखंड के मुख्यमंत्री ने रांची में 356 करोड़ रुपये की लागत से बने फ्लाईओवर का उद्घाटन किया



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को राज्य की राजधानी रांची में यातायात को सुगम बनाने के लिए 357 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। चार लेन वाले इस फ्लाईओवर का उद्घाटन, आदिवासी संगठनों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद किया गया। आदिवासी संगठन, 'सरना स्थल' (धार्मिक स्थल) के पास सिरमटोली में बनाये गए एक 'रैंप' को ध्वस्त करने की मांग कर रहे थे। इस फ्लाईओवर का नाम 'कार्तिक उरांव' के नाम पर रखा गया है, जो कांग्रेस के एक वरिष्ठ आदिवासी नेता थे और वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कैबिनेट के सदस्य रहे थे। गुमला जिले के करौंदा लिटाटोली में 29 अक्टूबर 1924 को जन्मे उरांव ने स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया था। सोरेन ने परियोजना का उद्घाटन करते हुए कहा, फ्लाईओवर से राजधानी में यातायात सुगम हो जाएगा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। एक बयान के मुताबिक, 2.34 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड अगस्त 2022 में शुरू की गई 356 करोड़ रुपये की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजना का हिस्सा है। एलिवेटेड रोड में रेलवे लाइन पर बना 132 मीटर का हिस्सा भी शामिल है। सोरेन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा , आज (बृहस्पतिवार को) विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए रांची में सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक होते हुए मेकॉन गोलचक्कर तक चार-लेन फ्लाईओवर/एलिवेटेड रोड ओवरब्रिज का उद्घाटन करने का मुझे सौभाग्य मिला।

## समाज्ञा CINE मंत्रा

## यदि दर्शक किरदार के मूल को समझ लें तो कलाकार की सराहना होती है : आशुतोष राणा

**कोलकाता:** लोकप्रिय अभिनेता आशुतोष राणा का कहना है कि जब रंगमंच के दर्शक किसी किरदार के मूल को समझ जाते हैं तो स्वाभाविक रूप से कलाकार की सराहना होती है। राणा ने यह भी सुझाव दिया कि दर्शक कला से तब भी जुड़ते हैं जब वे किसी पात्र से प्रेम करने की बजाय उससे घृणा करते हैं। राणा ने ज्यादातर फिल्मों में नकारात्मक भूमिकाएं निभाई हैं, जिससे उन्हें काफी लोकप्रियता मिली है।

आशुतोष राणा इन दिनों रामायण पर आधारित नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस नाटक का मंचन देश के विभिन्न हिस्सों में किया जा रहा है। आशुतोष राणा ने 'पीटीआई-भाषा' से फोन पर एक साक्षात्कार में रंगमंच के दर्शकों को लेकर कहा, ' जब वे किसी पात्र के मूल को समझते हैं और उसमें दर्शाई गई कला की सराहना करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कलाकार की सराहना होती है। मेरे लिए, सबसे बड़ा पुरस्कार दर्शकों का प्यार या नफरत पाना नहीं है – यह दर्शकों द्वारा कला को पहचानना और उसका मूल्यांकन करना है।' उन्होंने कहा कि रंगमंच के शौकीन लोग 'हमारे राम' को बार-बार देख रहे हैं, कुछ तो इस नाटक को 20 बार भी देख रहे हैं।

कोलकाता में इस नाटक के मंचन के लिए आए राणा ने कहा, "दर्शकों से हमें जो प्रतिक्रिया मिली, वह प्रस्तुति और कलात्मक योग्यता के प्रति प्रशंसा को रेखांकित करती है। ' अभिनेता ने कहा कि 'हमारे राम' की सफलता रंगमंच के खचाखच भरे सभागारों से स्पष्ट है और यह कहानी तथा कलाकारों की दिलों को छूने एवं बार-बार दर्शकों को आकर्षित करने की क्षमता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि कोलकाता के दर्शकों ने हमेशा समृद्ध विषय-वस्तु और दमदार प्रदर्शन का समर्थन किया है।'

कोलकाता में सात और आठ जून को 'हमारे राम' नाटक का मंचन किया जाएगा।





## 'एक दिन हम सभी दीवार पर टंगी तस्वीर बनकर रह जाएंगे',

**90** के दशक की एक्ट्रेस रवीना टंडन आज भी फिल्मों में एक्टिव हैं। इन दिनों वह अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। आज पर्यावरण दिवस पर रवीना ने अपनी कुछ खास बेहतरीन तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

### रवीना का पोस्ट

रवीना टंडन ने अपनी शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'एक दिन हम सब दीवार पर एक और तस्वीर मात्र बनकर रह जाएंगे... आइए हम कम से कम अपनी आने वाली पीढ़ियों और मानवता के लिए एक जीवंत स्वस्थ ग्रह छोड़ने का संकल्प लें। पर्यावरणदिवस'।

### सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स

रवीना की इस पोस्ट पर बॉलीवुड एक्ट्रेस नीलम कोठीरी ने लिखा, 'अद्भुत', अदिति सिंह शर्मा ने लिखा, 'सुंदर लड़की... तुम आज भी उतनी ही सुंदर लगती हो', रिद्धिमा पंडित ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। रवीना की इन तस्वीरों पर एक फैन ने लिखा, '90 की दशक की रानी', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत सुन्दर तस्वीरें मैडम', एक और फैन ने लिखा, 'आप हमेशा अपनी सुंदरता से इस दुनिया को जीतने वाली रानी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बचपन से ही मेरा क्रश', एक और फैन ने लिखा, 'तुम सर्वश्रेष्ठ हो', एक और फैन ने लिखा, 'शानदार रवीना।'

### रवीना का वर्कफ्रंट

रवीना टंडन जल्द ही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी। इस फिल्म के कई पोस्टर पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं। वहीं प्रशंसकों को इस कॉमेडी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में रवीना के अलावा दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, लारा दत्ता, संजय दत्त, अनिल कपूर, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के अलावा भी कई स्टार्स मौजूद हैं। 'वेलकम टू द जंगल' एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, फिरोज ए. नाडियाडवाला ने जियो स्टूडियो के बैनर तले किया जा रहा है।



## अबू धाबी में छुट्टियां मनाते स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं सामंथा रूथ प्रभु

**बॉ**लीवुड और साउथ फिल्मों में अपनी खास पहचान बना चुकीं सामांथा रुथ प्रभु इन दिनों वेकेशन के लिए अबू धाबी में हैं। एक्ट्रेस ने वहां से अपनी कई शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन लाजवाब तस्वीरों के साथ सामंथा ने एक नोट भी लिखा है।

### सामंथा का लुक

पहले लुक में सामंथा ने फ्लोरल मैक्सी ड्रेस पहनी, जिसमें पीछे की तरफ खूबसूरत कट है। उन्होंने इसे स्ट्रॉ हैट, सनग्लासेस और गोल्ड हूप इयररिंग्स के साथ पूरा किया। उनका मेकअप हल्का और लुक शानदार है। दूसरे लुक में उन्होंने हल्के हरे रंग का को-ऑर्ड सेट चुना, जिसमें फ्ल-ोरल डिज़ाइन और लेस का काम है। खुले बाल और स्टाइलिश सनग्लासेस के साथ उनका यह लुक स्टाइलिश और आरामदायक है।

### सामंथा का पोस्ट

सामंथा रुथ प्रभु ने अपने प्रशंसकों को अबू धाबी में अपनी छुट्टियों की स्टाइलिश झलक दिखाकर खुश कर दिया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर इन शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'यहां सब कुछ नया लगता है। कोई शोर नहीं, कोई भागदौड़ नहीं... बस रहने के लिए जगह है। जादू के लिए धन्यवाद।'

### रिलेशनशिप

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ एक्टर नागा चैतन्य से तलाक के बाद सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त तक अकेली हैं। लेकिन हाल ही में उनका नाम और साउथ निर्देशक राज निदिमोरू से जुड़ने लगा है। हालांकि, दोनों ने अभ तक अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है, लेकिन दोनों को अक्सर एक साथ मंदिर और बाकी जगहों पर देखा गया है, जिससे उनके रिश्ते की खबरें तेज हो रही हैं।

### सामंथा का वर्कफ्रंट

सामंथा की पहली प्रोडक्शन फिल्म 'सुभम' को दर्शकों ने खूब पसंद किया, जिसमें उन्होंने एक छोटा रोल भी निभाया। हाल ही में वरुण धवन के साथ वेब सीरीज 'सिटाडेल: हनी बनी' में नजर आईं, जिसका निर्देशन राज और डीके ने किया। अब वह अपनी अगली वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम' और फिल्म 'बंगाराम' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें उनका दमदार लुक देखने को मिलेगा।

## कौन हैं दीपिका को डेट करने का दावा करने वाले मुजम्मिल?

**बॉ**लीवुड में मॉडलिंग से शुरुआत करने वाले एक्टर मुजम्मिल इब्राहिम एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनका नया खुलासा, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि वो करियर की शुरुआत में दीपिका पादुकोण को दो साल तक डेट कर चुके हैं। इस दावे के बाद अब अभिनेता मुजम्मिल इब्राहिम सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। चलिए आपको बताते हैं आखिर कौन हैं मुजम्मिल, जिन्हें दो बार बहादुरी पुरस्कार भी मिला है।



### कौन हैं मुजम्मिल इब्राहिम?

25 अगस्त 1986 को श्रीनगर में जन्मे मुजम्मिल इब्राहिम एक नेशनल स्विमिंग चैंपियन, मॉडल और एक्टर हैं। वो 8 साल की उम्र में बहादुरी के लिए राष्ट्रपति से 'जीवन रक्षक पदक' पा चुके हैं। 2009 में भी उन्होंने गोवा में एक बुजुर्ग महिला की जान बचाई, जिसके लिए उन्हें 'गॉडफ्रे फिलिप्स ब्रेवरी अवॉर्ड' से नवाजा गया।

मुजम्मिल ने साल 2003 में 'ग्लैडरैग्स मैनहंट इंडिया' प्रतियोगिता जीती और 'मिस्टर इंडिया' का खिताब अपने नाम किया। पढ़ाई के दौरान वो दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग कर रहे थे।

### मॉडलिंग से बॉलीवुड तक का सफर

साल 2004 में परिवार के साथ कश्मीर छोड़ मुंबई आ बसे मुजम्मिल ने मॉडलिंग में कदम रखा और जीक्यू द्वारा 'बेस्ट मेल मॉडल' का खिताब भी पाया। फिर साल 2007 में पूजा भट्ट की फिल्म 'धोखा' से उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू किया, जिसमें उन्हें काफी सराहना मिली, हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर सकी।

दीपिका संग रिश्ते का दावा

मुजम्मिल ने सिद्धार्थ कनन के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि वो और दीपिका पादुकोण लगभग दो साल तक रिलेशनशिप में रहे। उस वक्त दोनों ही अपने करियर की शुरुआत कर रहे थे और दीपिका मुंबई में नई थीं। उन्होंने बताया कि दीपिका ने ही उन्हें डेट पर चलने को कहा था और दोनों रिक्शा में घूमने जाया करते थे। मुजम्मिल ने ये भी कहा, 'वो बहुत कॉन्फिडेंट थीं क्योंकि वह प्रकाश पादुकोण की बेटी हैं, इसलिए सब उन्हें जानते थे। दो साल बाद हमारा ब्रेकअप हो गया।'

### दीपिका का शुरुआती करियर

दीपिका पादुकोण ने 2006 में कन्नड़ फिल्म 'ऐश्वर्या' से अभिनय की शुरुआत की और 2007 में 'ओम शांति ओम' से बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की। अभिनय में आने से पहले वो भी मॉडलिंग करती थीं और यहीं से दोनों की मुलाकात की शुरुआत हुई।

### मुजम्मिल इब्राहिम की फिल्में

मुजम्मिल ने 'धोखा' के बाद 'हॉर्न ओके प्लीज' (2009) और 'विल यू मैरी मी?' (2012) जैसी फिल्मों में काम किया। 2020 में वो वेब सीरीज 'स्पेशल ऑप्स' में नजर आए, जिसमें उन्होंने 'अविनाश' का किरदार निभाया। इसके अलावा वो लकी अली के म्यूजिक वीडियो 'कभी ऐसा लगता है' और 'तेरी याद जब आती है' में भी दिखाई दिए हैं।

# मई में सब्जियों के दाम घटने से घर का बना खाना हुआ सस्ता



**मुंबई :** सब्जियों के दाम कम होने से मई महीने में घर का बना खाना थोड़ा सस्ता हो गया। इस दौरान शाकाहारी भोजन के मुकाबले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट रही। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिसिल इंटेलिजेंस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के मुताबिक, घर में बनी शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपये हो गई जबकि इस साल अप्रैल में इसकी कीमत 26.3 रुपये और पिछले साल मई में 27.8 रुपये थी। पिछले महीने मांसाहारी थाली के मामले में गिरावट ज्यादा तेजी से कम होकर 52.6 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 55.9 रुपये थी। वहीं अप्रैल 2025 में मांसाहारी थाली 53.9 रुपये की थी। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, आगे चलकर मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में वृद्धि की संभावना है और मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में थोड़ी नरमी की उम्मीद करते हैं। शर्मा ने कहा कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के कारण निर्यात किए जाने वाले चावल की मात्रा में 20–25 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट में थाली की कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण टमाटर की कीमतों में 29 प्रतिशत, प्याज में 15 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट को बताया गया है। पिछले साल कम पैदावार से जुड़ी चिंताओं के कारण टमाटर की कीमतों में तेजी देखी गई थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में फसल के संक्रमण से आलू की कीमतें बढ़ गई थीं, जबकि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक में रकबे और पैदावार में कमी के अलावा पानी की उपलब्धता ने भी प्याज की कीमतों को बढ़ा दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, मांसाहारी थाली की लागत में कमी ब्रॉयलर (मुर्गे) की कीमतों में छह प्रतिशत कमी आने से आई है। ब्रॉयलर की मांसाहारी थाली की कुल लागत का 50 प्रतिशत भारांश होता है। रिपोर्ट कहती है कि मुर्गे की कीमत में नरमी का कारण महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बर्ड फ्लू की रिपोर्ट के बीच आपूर्ति अधिक होना और मांग में कमी आना है। आयात शुल्क में वृद्धि और घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में छह प्रतिशत की वृद्धि होने से घरेलू थाली के दाम में अधिक गिरावट नहीं आई।

### प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री समेत विभिन्न राजनेताओं ने दी योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती सहित अनेक नेताओं ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी ने संदेश में कहा, उन्होंने (योगी) विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश को बदलने के लिए अथक प्रयास किए हैं, जिससे राज्य के लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी 'एक्स' पर अपने बधाई संदेश में कहा, उत्तर प्रदेश के ऊर्जावान और गतिशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

## छत्तीसगढ़ : बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में माओवादियों का नेता ढेर

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 40 लाख रुपये के इनामी माओवादी नेता नरसिंह चालम उर्फ सुधाकर को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों द्वारा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराए जाने के बाद इस कार्रवाई से माओवादियों को एक और बड़ा झटका लगा है। बस्तर क्षेत्र में तैनात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सलियों के वरिष्ठ कैडरों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के आधार पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार को शुरू किए गए इस संयुक्त अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस की दोनों इकाइयां, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि माओवादी नेता सुधाकर, तेलंगाना राज्य समिति के सदस्य बंडी प्रकाश, दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति (डीकेएसजेडसी) के सदस्य पप्पा राव और कुछ अन्य सशस्त्र कैडरों की मौजूदगी के बारे में मिली सूचना के आधार पर यह अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि जब सुरक्षाबलों के जवान जंगल में थे तभी अचानक नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षाबलों ने जवाब दिया। जब गोलीबारी बंद हुई तब घटनास्थल से एक माओवादी का शव और एक एके-47 राइफल बरामद की गयी। अधिकारी ने बताया कि 67 वर्षीय सुधाकर को आनंद, चंति बालकृष्ण, रामाराजू, अरविंद, सोमन्ना के नाम से भी जाना जाता था और वह आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के प्रागदावरम गांव का निवासी था। उन्होंने बताया कि माओवादियों की केंद्रीय समिति का सदस्य सुधाकर, प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सर्वोच्च शासी निकाय, क्रांतिकारी राजनीतिक स्कूल और केंद्रीय क्षेत्रीय ब्यूरो (सीआरबी) का भी प्रभारी था। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया, सुधाकर कई हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार था, जिसके परिणामस्वरूप कई निर्दोष आदिवासी नागरिकों की मौत हुई थी और सुरक्षाकर्मी शहीद हुए थे। इसके अलावा, माओवादी वैचारिक प्रशिक्षण स्कूल के प्रभारी के रूप में वह हिंसक और राष्ट्र-विरोधी विचारधाराओं के साथ युवाओं को गुमराह करने और उन्हें कट्टरपंथी बनाने में शामिल था। सुंदरराज ने कहा, उसकी मौत सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी सफलता है और माओवादी नेतृत्व के लिए एक बड़ा झटका है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हैदराबाद के चिकित्सक को हृदय छेद बंद करने के अभिनव उपकरण के लिए मिला अमेरिकी पेटेंट

**हैदराबाद :** हैदराबाद के एक चिकित्सक को बच्चों और वयस्कों दोनों के हृदय के छेद को बंद करने के लिए डिजाइन किए गए अभिनव चिकित्सा उपकरण के लिए अमेरिका का पेटेंट प्राप्त हुआ है। हैदराबाद स्थित रेनबो चिल्ड्रेन्स हार्ट इंस्टीट्यूट के बाल हृदय रोग विभाग के प्रमुख एवं वरिष्ठ चिकित्सक नागेश्वर राव कोनेटी को के ओ एन ए आर - एम एफ (मल्टीफंक्शनल) ओक्लुडर के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। रेनबो अस्पताल द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि अमेरिकी पेटेंट से पहले कोनेटी को 2021 और 2023 के बीच भारत, यूरोप, यूरो-अफ्रीकी देशों और दक्षिण कोरिया में पेटेंट से प्राप्त हो चुका है। विज्ञप्ति के मुताबिक केओएनएआर-एमएफ ओक्लुडर विभिन्न प्रकार के हृदय संबंधी विकारों को ठीक करने के लिए एकल, अनुकूलनीय समाधान प्रदान करता है, जिसमें पेरीमेंब्रेस और मस्कुलर वेंट्रीकुलर सेप्टल डिफेक्ट (वीएसडी), शल्य चिकित्सा के बाद बचे हुए दोष, कोरोनरी आर्टेरियोवेनस फिस्टुला, सिलेक्टेड एओर्टोपल्मोनरी विंडो, पैरावाल्वुलर लीक और सिस्टमिक-टू-पल्मोनरी आर्टरी कोलेटरल शामिल हैं।

### देशभर के शैक्षणिक संस्थान इस साल 10 करोड़ पौधे लगाएंगे: प्रधान

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को एक अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत देश भर के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। प्रधान ने 'एक पेड़ मां के नाम' के दूसरे चरण की शुरूआत के दौरान, इस बात पर जोर दिया कि अगली पीढ़ी को 2070 तक शून्य उत्सर्जन लक्ष्य और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इस बार, देशभर में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है और इसे एक जन आंदोलन बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे संस्करण को गति देनी चाहिए।'' मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष शिक्षण संस्थानों ने देश भर में पांच करोड़ से अधिक पौधे लगाए थे। उन्होंने कहा, ''स्कूलों में मिशन लाइफ के लिए इको क्लब छात्रों को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से संबंधित चिंताओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।''

### मध्यप्रदेश : रीवा में ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटोरिक्शा पर पलटा; सात लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

**रीवा :** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में बृहस्पतिवार को एक ट्रक पलट जाने के बाद ऑटोरिक्शा से टकरा गया, जिसके कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे। दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## अरुणाचल प्रदेश में लगातार बारिश से बाढ़ की स्थिति गंभीर, 33 हजार से अधिक लोग प्रभावित



**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति बृहस्पतिवार को भी गंभीर बनी रही और लगातार बारिश के कारण यहां 24 जिलों में 33 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल मानसून की बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के बीच कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न जिलों के 214 गांवों की 33,200 की आबादी बाढ़ और भूस्खलन के कारण प्रभावित हुई है, जबकि अधिकतर प्रमुख नदियां और उनकी सहायक नदियां उफान पर हैं, हालांकि ये नदियां अपने सामान्य जलस्तर से नीचे बह रही हैं। कुल मिलाकर, राज्य भर में 481 घर क्षतिग्रस्त हुए और 432 पशुओं के मारे जाने की सूचना है।

## 'छोटे कपड़े' पहनने वाली महिलाएं अच्छी नहीं लगतीं : कैलाश विजयवर्गीय



**इंदौर :** महिलाओं के 'छोटे कपड़े' पहनने की प्रवृत्ति को लेकर असहमति जताते हुए मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय संस्कृति के मुताबिक महिलाओं को 'देवी का स्वरूप' मानते हैं। उन्होंने महिलाओं के छोटे कपड़ों से नेताओं के छोटे भाषण की तुलना करने वाली एक विदेशी कहावत को अनुचित करार देते हुए यह बात कही। विजयवर्गीय ने अपने गृहनगर इंदौर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष सुमित मिश्रा के संक्षिप्त उद्बोधन की तारीफ करते हुए कहा कि हमेशा छोटा भाषण ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''देखिए, एक पाश्चात्य कहावत है जो अच्छी नहीं है, पर विदेशों में इस कहावत की बड़ी चर्चा होती हैवहां (विदेश में) ऐसा कहते हैं कि जिस प्रकार कम कपड़े पहनने वाली लड़की सुंदर होती है, उसी प्रकार कम भाषण देने वाला नेता भी बहुत बढ़िया होता है। विदेश में ऐसी एक कहावत है, लेकिन मैं इसका पालन नहीं करता हूं।'' काबीना मंत्री ने अपनी इस बात पर श्रोताओं के ठहाकों और तालियों के बीच कहा कि वह इस विदेशी कहावत को कतई उचित नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इस कहावत का पालन नहीं करता हूं। मैं तो यह मानता हूं कि हमारे यहां (भारत में) महिला, देवी का स्वरूप है। वह खूब अच्छे कपड़े पहने।''

## जम्मू-कश्मीर : एनआईए अदालत ने यूएपीए मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए

**जम्मू :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादी गतिविधियों में कथित तौर पर सहयोग देने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को आरोप तय किए। मालवास के मुनीर हुसैन, कुलहंड के तनवीर अहमद, बग्गर-अस्सार के नूर आलम और हेरानी के कुंज लाल के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, जिन पर पिछले साल 16 जुलाई को देसा पुलिस थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि विशेष एनआईए अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) ने यूएपीए के तहत मामले की सुनवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। डोडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप मेहता (एसएसपी) ने कहा कि बीएनएस की धारा 103 (हत्या), 147 (भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना), 149 (अवैध रूप से एकत्र होना) और 315 (संपत्ति की बेईमानी से हेराफेरी) के अलावा यूएपीए की धारा 13 (अवैध गतिविधि), 16 (आतंकवादी कृत्य), 19 (आतंकवादी को शरण देना) और 20 (आतंकवादी गिरोह का सदस्य होना) के तहत पिछले साल 16 जुलाई को देसा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। मेहता के मुताबिक, जांच पेशेवर तरीके से की गई और पाया गया कि ये लोग अपराध में शामिल थे।

## कांग्रेस ने भारत के हितों से समझौता किया, राहुल ने मोदी का मजाक उड़ाने का दुस्साहस किया: हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ''सरेंडर मोदी'' कटाक्ष करने के लिए बृहस्पतिवार को राहुल गांधी पर हमला किया और आरोप लगाया कि यह कांग्रेस ही थी जिसने ''भारत के हितों का त्याग कर दिया था।'' सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में शर्मा ने 1947-48 से 2012 तक की कई घटनाओं का उल्लेख किया, जिन्हें उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ''सरेंडर विरासत'' बताया। उन्होंने कहा कि सेना से लेकर कूटनीति तक, अर्थव्यवस्था से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक – भारत आज मजबूती के साथ बोलता है, न कि निवेदन के साथ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने ''कायरता के इतिहास'' को ''ऐसे नेता के कंधों पर डालना बंद करना चाहिए जो दबाव में नहीं झुकता हो।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की भारी सफलता के बावजूद राहुल गांधी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ''सरेंडर मोदी'' कहकर उनका मजाक उड़ाने का दुस्साहस किया।'' पोस्ट में शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पार्टी के शासनकाल के दौरान ''अपने विश्वासघात से लोगों की पीठ में छुरा घोंपा।'' उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत याचना नहीं करता, बल्कि काम करता है और उरी, बालाकोट तथा गलवान इसकी गवाही देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''भारत याद रखता है। भारत उठ खड़ा हुआ है। भारत फिर से आत्मसमर्पण नहीं करेगा और वे काले दिन समाप्त हो गए हैं।''

### यात्रियों के लिए शनिवार से शुरू हो जाएगी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन सेवा

**नयी दिल्ली :** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू ही जाएगी। उत्तर रेलवे ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग बृहस्पतिवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, ''इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमश: 715 रुपये और 1,320 रुपये है।''

## आतंकवाद को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, भारत ने दुनिया को दिया संदेश: धनखड़



**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत ने पूरी दुनिया को संदेश दे दिया है कि आतंकवाद को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धनखड़ ने कहा कि आज देश आत्मविश्वास से भरा, उदीयमान भारत है, यह वह भारत है जिसमें हर क्षेत्र में हर युवा के लिए अवसर हैं। वह नयी दिल्ली स्थित 'उपराष्ट्रपति एनक्लेव' में, दिल्ली की यात्रा पर आए चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल के छात्रों को संबोधित कर रहे थे। भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में केवल आतंकवादी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया। कार्रवाई सटीक, और सही माप के साथ हुई। इसका मतलब है कि हमने पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है ...बस बहुत हो गया! आतंकवाद को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''जो लोग बर्बरता करेंगे, आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल करेंगे, उन्हें बहावलपुर और मुरीदके की तरह सबक सिखाया जाएगा।'' एक आधिकारिक बयान के अनुसार भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, पहलगाम की बर्बरता के बदले की पूरी दुनिया ने प्रशंसा की है। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, आतंकवाद को परिभाषित करते हैं। बहावलपुर और मुरीदके में उनके ठिकाने, जो पाकिस्तान के अंदर, अंतरराष्ट्रीय सीमा से बहुत आगे हैं, नष्ट कर दिए गए।'' उन्होंने कहा, ''आपने आतंकवादियों, उनकी सेना और उनके नेताओं को ताबूत ले जाते हुए देखा होगा। यह हमारे रक्षा बलों की सबसे बड़ी सफलता थी।''

## पंजाब: सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो व्यक्ति गिरफ्तार




**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को तरनतारन जिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों के पास से पिस्तौल समेत छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान तरनतारन निवासी सूरजपाल सिंह और अर्शदीप सिंह के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि सूरजपाल पाकिस्तान स्थित राणा और सिकंदर नाम के अपने आकाओं के सीधे संपर्क में था, जो हथियारों और गोला-बारूद की खेप भेजने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगी हो सकती है।

## गंगा दशहरा पर हरिद्वार में 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी



**हरिद्वार :** गंगा दशहरा यानि गंगा अवतरण दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को हरिद्वार में लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, हर की पौड़ी सहित तमाम घाटों पर देर शाम तक 20 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगा चुके थे जबकि स्नान का क्रम इसके बाद भी जारी रहा। जानकारी के अनुसार सुबह तड़के से ही हर की पौड़ी सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा था। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल सुबह से ही हरकी पौड़ी और उसके आसपास सुरक्षा इंतजामों के निरीक्षण में जुटे हुए थे। मान्यता है कि आज के दिन गंगा स्वर्गलोक से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। शास्त्रों के अनुसार, आज के दिन ही भागीरथ की कठोर तपस्या के बाद मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से होते हुए पृथ्वी पर उतरीं और राजा सगर के पुत्रों और पौत्रों को मुक्ति प्रदान की। गंगा दशहरा के पर्व पर स्नान करने वालों की भारी भीड़ की वजह से हरिद्वार और उसके आसपास यातायात जाम से बुरा हाल रहा। जहां दूसरे राज्यों से हरिद्वार का रुख कर रहे लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम में फंसना पड़ा, वहीं हरिद्वार शहर में शंकराचार्य चौक से सिंहद्वार फ्लाईओवर तक वाहन घंटों रेंग-रेंग कर चलते रहे।

### असम: बाढ़ से स्थिति गंभीर, सात लाख लोग प्रभावित



**गुवाहाटी :** असम में बाढ़ के कारण स्थिति बृहस्पतिवार को भी गंभीर बनी रही और 21 जिलों में करीब सात लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि बाढ़ व भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है और बुधवार को दो लोगों की मौत की खबर है तथा कछार जिले में एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य भर में ब्रह्मपुत्र समेत नौ प्रमुख नदियां जबकि बराक नदी कछार जिले में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और इसकी सहायक नदियों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ नदियां लाल निशान से ऊपर बह रही हैं। मौजूदा समय में बाढ़ से 1,494 गांव प्रभावित हैं, जिनमें सबसे अधिक श्रीभूमि में 339 गांव, नागांव में 189, कछार में 166 और हैलाकांडी जिलों में 156 गांव शामिल हैं।

# भारतीय उड़ानों को 2024 में बम से उड़ाने की सबसे ज्यादा फर्जी धमकियां मिलीं

**नयी दिल्ली :** भारत में यात्री उड़ानों को बम से उड़ाने की सबसे ज्यादा फर्जी धमकियां 2024 में मिलीं। एक आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र को मिलने वाली फर्जी बम धमकियों में पिछले छह साल में रिकॉर्ड 300 गुना की वृद्धि दर्ज की गई। सबसे ज्यादा फर्जी धमकियां सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये भेजी गईं। 'पीटीआई-भाषा' के पास उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उड़ानों को पिछले साल कुल 1,019 फर्जी बम धमकियां मिलीं, जबकि 2018 से 2023 के बीच ऐसी 330 धमकियां प्राप्त हुई थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे ज्यादा 687 फर्जी धमकियां अक्टूबर 2024 में मिलीं। इसमें कहा गया है कि 2024 के जून महीने में ऐसी 96, अप्रैल में 57 और नवंबर में 51 धमकियां प्राप्त हुई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उड़ानों को बम से उड़ाने की सबसे ज्यादा 611 फर्जी धमकियां 'एक्स' के माध्यम से दी गईं। इसमें कहा गया है कि हवाई अड्डा संचालकों, विमानन कंपनियों और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को ई-मेल पर 281 फर्जी धमकियां प्राप्त हुईं, जबकि 47 धमकियां मौखिक रूप से, 45 फोन कॉल पर, 29 लिखित तौर पर और छह टेक्स्ट संदेश के रूप में जारी की गईं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल भारत में 600 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के खिलाफ फर्जी धमकियां जारी की गईं, जिससे विमानन कंपनियों को 'भारी' नुकसान उठाना पड़ा, यात्रियों का यात्रा कार्यक्रम प्रभावित हुआ, उन्हें असुविधा झेलनी पड़ी तथा 'बड़े पैमाने पर' सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करनी पड़ी। 'पीटीआई-भाषा' ने अक्टूबर 2024 में खबर दी थी कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर भेजे जा रहे ऐसे संदेशों के मद्देनजर बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) को बुलाने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। बीटीएसी विभिन्न एजेंसियों का एक बहु-एजेंसी मंच है, जो किसी हवाईअड्डे या विमानन कंपनी के संबंध में धमकी भरा कॉल मिलने पर बुलाई जाती है। विमानन सुरक्षा एजेंसियों की ओर से तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल मिली कुल 1,019 फर्जी बम धमकियों में से एजेंसियों ने 86 फीसदी को अस्पष्ट या अफवाह और आठ प्रतिशत को विशिष्ट या कार्रवाई योग्य करार दिया था, जबकि बाकी छह फीसदी मामलों में बीटीएसी की बैठक नहीं बुलाई गई थी। हालांकि, बाद में इन सभी धमकियों को फर्जी घोषित कर दिया गया था।

## सिक्किम: भूस्खलन से फंसे 63 लोगों को हेलीकॉप्टर से निकाला गया, 64 अन्य लोगों को मदद का इंतजार



**गंगटोक :** उत्तरी सिक्किम के चाटेन में फंसे कुल 63 लोगों को हेलीकॉप्टर की मदद से बृहस्पतिवार को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित निकाले गये लोगों में अधिकतर पर्यटक थे। इस सप्ताह की शुरुआत में भूस्खलन की चपेट में आने से यह इलाका प्रभावित हुआ था। सेना और स्थानीय प्रशासन ने बचाव अभियान जारी रखा हुआ है, क्योंकि चाटेन में 64 अन्य पर्यटक अब भी मदद का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिन में खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण इलाका होने के कारण बचाव अभियान रोक दिया गया है। मंगन जिले के एक छोटे से शहर लाचेन के पास स्थित चाटेन का इस्तेमाल यात्री गुरुडांगमार झील तक पहुंचने के लिए करते हैं, जो एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। अधिकारियों ने बताया कि चाटेन से 39 लोगों को पाकयोंग हवाई अड्डे तक पहुंचाने के लिए दो एमआई-17 हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि चार अन्य लोगों को चीता हेलीकॉप्टर की मदद से वहां से निकाला गया, जबकि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से सीधा चटेन तक यात्रा करने वाले एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने 20 यात्रियों को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला। राज्य सरकार के अधिकारी भी लोगों की जान बचाने और फंसे हुए लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सशस्त्र बलों के साथ लगातार समन्वय कर रहे हैं। एक जून की शाम को चाटेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि छह सैनिक लापता हो गए थे और कई अन्य जवान घायल हुए थे।

